# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित


सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 56 | गौतमबुद्धनगर, गुरुवार 25 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236



P- 3

किसानो ने यात्रा निकालकर एनटीपीसी के





P- 4

बदायूं में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या, पीड़ित बोले- पूरा गांव यादवों



P- 5

भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर आए यूएनजीए के अध्यक्ष बोले



P- 6

पहले दो टेस्ट मैचों के लिए विराट की जगह रजत पाटीदार शामिल



## हैप्पी मॉर्निंग

एक शादी में पंडित जी ने दूल्हे का हाथ दुल्हन के हाथ में थमा दिया। एक बच्चा ये देख रहा था, उसने अपने पिता से पूछा-पिताजी दूल्हा और दुल्हन आपस में हाथ क्यों मिला रहे हैं?
पिता ने उत्तर दिया - बेटा, पहलवान अखाड़े में उतरने से पहले हाथ जरूर मिलाते हैं !



## शायरी

कड़ी से कड़ी जोड़ते जाओ तो
जंजीर बन जाती है,
मेहनत पे मेहनत करते जाओ
तो तकदीर बन जाती है ।

## अर्थसार

संसेक्स:
71,060.31
+689.77 (0.98%)
निफ्टी:
21,453.95
+215.15



## मौसम



अधिकतम : 15 डिग्री से0
न्यूनतम : 08 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 7 : 13
सूर्यास्त गुरुवार : 5 : 54

# भारत में लगातार तीसरे दिन कांपी धरती, तीन राज्यों में महसूस हुए भूकंप के झटके

नई दिल्ली। भारत में कल लगातार तीसरे दिन भूकंप के झटके महसूस किए गए. देश में आए तीन अलग-अलग भूकंप से आज धरती डोली है. सबसे पहले कर्नाटक, फिर छत्तीसगढ़ और अंत में उत्तराखंड के उत्तरकाशी में भूकंप के झटके महसूस किए गए. गनीमत रही कि किसी भी भूकंप के दौरान जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है.

पड़ोसी देश पाकिस्तान और म्यांमार में भी हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए.

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक आज दोपहर 2.13 बजे कर्नाटक के बेल्लारी में हल्का भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 2.8 मापी गई. फिर छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा में भूकंप आया. 3.40 बजे आए भूकंप की तीव्रता 2.9 रही. 16 मिनट बाद यानी 3.56 बजे उत्तराखंड के उत्तरकाशी में भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 2.4 रही.





### पाकिस्तान-म्यांमार में कितनी इतनी थी तीव्रता

पाकिस्तान में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं. भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.3 मापी गई. अब तक मिली जानकारी के अनुसार जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक पाकिस्तान में शाम 4.16 बजे भूकंप आया.

म्यांमार में सुबह 8.52 बजे 3.2 की तीव्रता से भूकंप भी आज महसूस किया गया.

### तीन दिन में तीसरा भूकंप

भारत में इससे पहले सोमवार देर रात करीब 12.45 बजे भूकंप आया था. इस भूकंप का केंद्र चीन में था. दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर-भारत में भी इसके तेज झटके महसूस किए गए. हालांकि इसमें जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ. इसके बाद मंगलवार को भी भारत में भूकंप आया. यह भूकंप अंडमान निकोबार में आया. अंडमान निकोबार में मंगलवार शाम 6.51 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए.

# ठंड के बीच दिल्ली में बारिश

## राजस्थान से लेकर बिहार-यूपी में प्रचंड शीतलहर



### इन राज्यों में सर्दी का सितम

पहाड़ों पर बर्फबारी होने से लगातार गिर रहे पारे ने पूरे उत्तर भारत के साथ ही देश के मध्य और पूर्वी हिस्से में ठंड का सितम जारी है। बिहार तो प्रचंड शीतलहर की चपेट में है तो हरियाणा और यूपी में भी कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। राजस्थान में भी बीते दो से तीनों में सर्दी फिर से तेज हो गई है। कई जगह कोहरे के कारण यातायात भी काफी प्रभावित हो रहा है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान के औसत से कम होने के कारण लोगों को हाड़ कंपाने वाली ठंड का एहसास हो रहा है।

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और आसपास के इलाकों में बुधवार अहले सुबह हल्की बारिश हुई। बिहार इन दिनों कड़ाके की ठंड से जूझ रहा है। कई राज्यों घना कोहरा होने की वजह से सामान्य जनजीवन पटरी से उतर गया है। पूरे देश में इस समय सर्दी का सितम जारी है। बिहार में प्रचंड शीतलहर का कहर जारी है। वहीं हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भी कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। देश की राजधानी दिल्ली में कड़ाके की ठंड के बीच हल्की बारिश हुई है। दिल्ली में गिरते तापमान और घने कोहरे की वजह से ट्रेन-फ्लाइट्स पर भी असर पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में कल हल्के से लेकर घना कोहरा रहने वाला है। वहीं, पहाड़ी क्षेत्रों में सर्दी अपना तेवर दिखा रही है। पहाड़ों की ठंड हवा ने मैदानी इलाके में सर्दी बढ़ा दी है। राजस्थान, यूपी, बिहार, पंजाब, हरियाणा और एमपी सहित कई राज्यों में बर्फबारी का असर देखने को मिल रहा है।

### दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली और आसपास के इलाकों में बुधवार अहले सुबह हल्की बारिश हुई। आज दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद समेत अन्य हिस्सों में हल्की बारिश हुई है। इसके चलते फौरी तौर पर हाड़ कंपाने वाली ठंड और कोहरे से राहत मिलने की उम्मीद है। बता दे कि भारतीय मौसम विभाग ने दिल्ली के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई थी।

### कोहरे से 150 फ्लाइट्स डिले...ट्रेनों की थमी रफ्तार

बुधवार को भी ट्रेन और प्लेन से सफर करने वाले यात्रियों को राहत नहीं मिलने वाली है। राजधानी में गणतंत्र दिवस की तैयारियों और घने कोहरे की वजह से इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 150 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हुई हैं।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने 16 फरवरी को किया भारत बंद का आह्वान

नई दिल्ली। संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन की दूसरी पारी शुरू करने जा रही है। इसी के चलते संयुक्त किसान मोर्चा ने 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के द्वारा इसकी जानकारी दी गई। संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन की दूसरी पारी शुरू करने जा रही है। इसी के चलते संयुक्त किसान मोर्चा ने 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है। भारतीय किसान



यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के द्वारा इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने एक प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा जुड़े कई संगठनों ने मिलकर 16 फरवरी को भारत बंद के लिए बुलाया है। इस एक दिन किसान भी अपने खेतों में न जाएं। पहले भी हम लोग अमावस पर खेत में काम नहीं करते थे। राकेश टिकैत ने कहा कि 16 फरवरी किसानों के लिए अमावस के समान है। उस दिन किसान खेतों में काम न करें। इस दिन कृषि हड़ताल करें, जिससे देश में बड़ा संदेश जाएगा। दुकानदारों और किसानों से अपील है कि वह खरीदारी न करें और किसानों और मजदूरों के समर्थन में दुकान बंद रखें। इस बार न्यूनतम समर्थन मूल्य, पुरानी पेंशन, बेरोजगारी, अग्निवीर प्रमुख मुद्दे हैं। ट्रांसपोर्टर से भी सहयोग करने की अपील की है। बता दें कि 2020-21 में किसानों ने बड़े स्तर पर कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन किया था।



गणतंत्र दिवस परेड

गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान प्रदर्शन करते छात्र।

हादसा

## एक शीशा तोड़कर बाहर आया, 2 घंटे पानी में पड़ी रही; 15 दिन पहले प्रधान ने खरीदी थी

# बिजनौर : 30 फीट नीचे नदी में गिरी कार...4 दोस्तों की मौत

बिजनौर। बिजनौर में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार कार रेलिंग तोड़ते हुए 30 फीट नीचे नदी में गिर गई। हादसे के वक्त कार में दो भाई समेत 5 दोस्त सवार थे। इनमें 4 की मौत हो गई। जबकि एक कार के पीछे का शीशा तोड़कर बाहर आ पाया। करीब 2 घंटे तक कार पानी में पड़ी रही। कार ग्राम प्रधान की थी, 15 दिन पहले ही उसने खरीदी थी।

प्रधान के एक बेटे की मौत हो गई। जबकि दूसरा बेटा कार से बाहर निकल आया। हालांकि, उसकी हालत अभी ठीक नहीं है। उसने बताया कि नदी से बाहर आकर मैं चिल्लाया। वहां से गुजर रहे एक ट्रैक्टर चालक ने आवाज सुनी। फिर पुलिस और ग्रामीणों को सूचना दी।

### दो घंटे चला रेस्क्यू तब कार को नदी से बाहर निकाला

मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन और रस्सी की मदद से कार को बाहर निकालने की कोशिश की। पुलिस ने पहले जेसीबी बुलाकर रेस्क्यू का प्रयास किया। लेकिन कार बाहर नहीं निकल पाई। इसके बाद हाइड्रा मंगाया गया। अंधेरा होने के कारण कोई भी नीचे उतरने को तैयार नहीं था। बमुश्किल गांव का एक व्यक्ति हाइड्रा के तारों से लटककर नीचे पहुंचा और कार को कसा।



इसके करीब दो घंटे बाद कार को बाहर निकाला गया। कार के अंदर सभी चार दोस्तों के शव मिले। चारों एक ही गांव के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि कार की तेज स्पीड के कारण हादसा हुआ है। हादसा शाम करीब 9 बजे के आसपास हुआ

### मेला देखकर लौट रहे थे घर, रास्ते में हादसा

शेरकोट थाना क्षेत्र के नूरपुर छीबरी गांव के प्रधान रऊफ अहमद ने नई कार खरीदी थी। उनके दो बेटे सिकंदर (20) और महरुफ (28) मंगलवार शाम तीन दोस्तों के साथ (38), अब्दुल रशीद ,राशिद (23) और फैसल (22) के साथ अफजलगढ़ में मेला देखने गए थे। रात को वापस लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर रामगंगा नदी पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में जा गिरी। कार सवार पांचों लोग अंदर फंस गए। इनमें से सिकंदर किसी तरह कार का शीशा तोड़कर बाहर आया। हालांकि, वह अपने भाई महरुफ और दोस्तों को नहीं बचा पाया। महरुफ विकलांग था। चारों की मौत हो गई।

### जहां कार गिरी..वहां 30 से 35 फीट गहरा पानी

मौके पर पहुंची पुलिस ने सिकंदर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि जिस जगह पर कार गिरी थी, वहां पर 30 से 35 फीट गहरा पानी था। पुलिस ने बताया कि हादसे की वजह घना कोहरा और तेज रफ्तार होने की आशंका है। इस मामले में सीओ अर्चना सिंह ने कहा कि चारों शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी टीएमसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने 2024 लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा की है। ममता ने बुधवार को कहा- पश्चिम बंगाल में सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस ने मेरा प्रस्ताव ठुकराया दिया। हम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेंगे।

दरअसल, कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए बंगाल में 10 से 12 सीटों की मांग कर रही है, जबकि टीएमसी केवल दो सीटें देने पर अड़ी है। यह वे सीटें हैं जिन्हें कांग्रेस ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में जीता था। कांग्रेस के अलावा बंगाल में लेफ्ट पार्टियां भी हैं, जो 28 दलों वाले विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं।



ममता ने बुधवार को हावड़ा में मीडिया से कहा- मेरी कांग्रेस से कोई चर्चा नहीं हुई है। मैंने हमेशा कहा है कि बंगाल में हम अकेले लड़ेंगे। मुझे इस बात की बिल्कुल चिंता नहीं है कि देश में क्या होगा, लेकिन हम सेक्युलर पार्टी हैं और बंगाल में हम अकेले भाजपा को हराएंगे। मैं अब भी इंडिया का हिस्सा हूं। ममता बनर्जी ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर भी बयान दिया।

# पेट्रोल पर 11 और डीजल पर छह रुपये का मुनाफा कमा रही हैं तेल कंपनियां

## इंडियन ऑयल ने पहले नौ महीनों में 34,781.15 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया

नई दिल्ली। पेट्रोल और डीजल की घरेलू कीमतों में कमी आने की पूरी संभावना है। इसकी बड़ी वजह यह है कि एक तरफ जहां अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमत लगातार 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी हुई हैं, वहीं देश की सबसे बड़ी सरकारी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कारपोरेशन ने वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीनों में अभी तक का रिकॉर्ड मुनाफा (34,781.15 करोड़ रुपये) कमाया है।






देश की पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनियों को पेट्रोल पर 11 रुपये और डीजल पर छह रुपये प्रति लीटर का मुनाफा हो रहा है। अब देखना होगा कि कंपनियां खुदरा कीमतों में एकमुश्त कटौती करती हैं या फिर रोजाना खुदरा कीमतों में बदलाव करने की पुरानी नीति पर लौटती हैं। सात अप्रैल, 2022 के बाद सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।वर्ष 2022 के शुरुआत में यूक्रेन विवाद की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमतें काफी अस्थिर रही थीं और जुलाई, 2022 में इसकी कीमत 114 डॉलर प्रति बैरल तक गई थीं। हालांकि, उसके बाद कीमतें लगातार नीचे ही रही हैं।

चालू वित्त वर्ष की बात करें तो सबसे ज्यादा कीमत भारत ने सितंबर, 2023 में 93.54 डॉलर प्रति बैरल की अदा की है। सबसे सस्ती मासिक कीमत 77.42 डॉलर प्रति बैरल रही थी। जनवरी, 2024 में अभी तक औसत कीमत 78.19 डॉलर प्रति बैरल रही है। इसका असर आईओसी के वित्तीय परिणाम पर भी साफ दिखाई दे रहा है।

### आईओसी को कितना मुनाफा हुआ?

अक्टूबर से दिसंबर, 2023 की तिमाही में इसने उत्पादों की बिक्री से कुल 11,428.88 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया है। अक्टूबर-दिसंबर, 2022 में कंपनी ने सिर्फ 1145 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया था। तब कंपनी को पेट्रोल व डीजल की बिक्री घाटे पर करनी पड़ी थी। इस आंकड़ें को देखकर ही इस बात की संभावना मजबूत हुई है कि पेट्रो उत्पादों की कीमतें कम की जाएंगी। पिछली तिमाही में आईओसी को 8063 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 448.01 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था।



# जागरूकता पैदा करने की जरूरत

भारत में धूप और रोशनी की असीमित उपलब्धता में अगर सौर ऊर्जा जैसे विकल्प आजमाए जाएं तो इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव हो सकता है।

बढ़ती जरूरतों और सीमित संसाधनों के बीच प्राथमिकताओं का निर्धारण वक्त का तकाजा है, ताकि दुनिया में आम जीवन को लेकर एक संतुलन कायम रहे। मुश्किल तब आती है जब किसी मामले में निर्भरता की वजह से कई तरह की समस्याएं खड़ी होने लगती हैं। इस संदर्भ में देश की ऊर्जा जरूरतों और उपलब्ध संसाधनों पर गौर किया जा सकता है कि किस तरह पेट्रोलियम उत्पाद, कोयला, गैस आदि आज ऊर्जा के मुख्य स्रोत हैं।

मगर यह छिपा नहीं है कि इनकी लगातार घटती उपलब्धता और बढ़ती कीमत की वजह से आज इस मामले में भविष्य को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं और विकल्प की राह निकाली जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को प्रधानमंत्री ने एक नई योजना की घोषणा की, जिसके तहत केंद्र सरकार देश भर में एक करोड़ घरों की छतों पर सौर पैनल लगवाएगी। 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' का लक्ष्य अगर जमीन पर उतरा तो इससे गरीब और मध्यवर्ग के बिजली खर्च में उल्लेखनीय बचत होगी। साथ ही एक बड़ा बदलाव देश की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति में आएगा और भारत के लिए इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की राह खुलेगी।

दरअसल, प्राकृतिक ऊर्जा स्रोतों की आसान उपलब्धता के बावजूद इस मामले में ज्यादा प्रगति इसलिए नहीं हो पाई कि लोगों के बीच सौर पैनल या ऐसे अन्य संसाधनों को लेकर पर्याप्त जागरूकता का अभाव रहा है। इस वजह से लोग कई स्तरों पर अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को आसान बनाने के लिए या तो ऊर्जा की कमी या मुश्किल का सामना करते हैं या फिर उनके लिए ऊंची कीमत चुकाते हैं।

जबकि भारत में धूप और रोशनी की असीमित उपलब्धता में अगर सौर ऊर्जा जैसे विकल्प आजमाए जाएं तो इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव हो सकता है। आमतौर पर जो विकल्प सामने होते हैं, लोग उसी दायरे में अपना जीवन-बसर करते रहते हैं, भले ही खोजने पर उससे आसान और सस्ते संसाधन मिल जाएं। पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के मुकाबले सौर ऊर्जा को लेकर भी यही स्थिति है। कम या मामूली खर्च में बिजली मिलने का विकल्प होने के बावजूद इस तक आम लोगों की पहुंच आमतौर पर नहीं हो पाती है। इसलिए 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' के लक्ष्य की अहमियत समझी जा सकती है। मौजूदा दुनिया में ऊर्जा की बढ़ती खपत और उपलब्धता की सीमा के लिहाज से देखा जाए तो सौर ऊर्जा आने वाले वक्त में इस क्षेत्र में एक अनिवार्य विकल्प होगा।

जहां तक भारत का सवाल है, अगले एक दशक में यहां ऊर्जा की मांग में भारी बढ़ोतरी हो सकती है और इसकी पूर्ति में सौर ऊर्जा की बड़ी भूमिका होगी। फिलहाल देश में तापीय ऊर्जा ही मुख्य स्रोत है, जिसकी निर्भरता जीवाश्म ईंधन पर है।

ऐसे अनेक आकलन सामने आ चुके हैं, जिनके मुताबिक दुनिया में बढ़ते तापमान और जलवायु संकट के लिए जिम्मेदार कार्बन डाइआक्साइड और अन्य दूषित तत्त्व का मुख्य स्रोत जीवाश्म ईंधन हैं। यों सरकारें सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रोत्साहन कार्यक्रम चलाती रही हैं। मगर जरूरत इस बात की है कि आम लोगों के बीच अक्षय ऊर्जा स्रोतों को लेकर जागरूकता पैदा हो और इसकी उपलब्धता को आसान और रियायती बनाया जाए।

यह जगजाहिर है कि विकास की होड़ में प्राकृतिक संसाधनों की कैसी बर्बादी हुई है और इसका असर पृथ्वी और समूचे जलवायु पर क्या पड़ रहा है। इस लिहाज से भी अगर सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाता है, तो इसे भविष्य की तैयारी के तौर पर देखा जा सकता है।

राष्ट्रीय मतदान दिवस- 25 जनवरी, 2024 पर विशेष

# अधिकतम मतदान सुनिश्चित करना प्राथमिकता हो



- ललित गर्ग -



भारत में घटते मतदान को नियंत्रित करने एवं अधिकाधिक युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, भारत सरकार ने हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसे भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिए 25 जनवरी 2011 से शुरू किया गया है। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर व्याप्त होती विसंगतियों को दूर करने के लिये मनाया जाने लगा था। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश भर के सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी, जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी होगी। मतदान दिवस बनाने का मुख्य कारण है कि चुनाव में व्याप्त होते भ्रष्टाचार को नियंत्रित करना एवं लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करना भी है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में अधिकतम यानी शत-प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग हो, इसके लिये देश में मतदान दिवस को अधिक प्रासंगिक बनाने की जरूरत है।

जनतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू चुनाव है, जनतंत्र में स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के साथ उसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिये आरईवीएम के प्रयोग का प्रस्ताव सैद्धांतिक तौर पर एक सराहनीय एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। क्योंकि आजादी के बाद से ही जितने भी चुनाव हुए है, उनमें लगभग आधे मतदाता अपने मत का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, ऐसा हर चुनाव में होता आया है। इसलिए लंबे समय से मांग उठती रही थी कि ऐसे लोगों के लिए मतदान का कोई व्यावहारिक एवं तकनीकी उपाय निकाला जाना चाहिए। उसी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा घरेलू प्रवासियों के लिए आरवीएम का प्रस्ताव एक सूझबूझभरा एवं दूरगामी सोच एवं विवेक से जुड़ा उपक्रम है। जरूरत है राजनीतिक दल ऐसे अभिनव उपक्रम का विरोध करने या अवरोध खड़ा करने की बजाय उसका अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए स्वागत करें।

नीति आयोग ने चुनाव आयोग को वर्ष 2024 से लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का सुझाव देकर एक सार्थक बहस का अवसर प्रदत्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों चुनावों को एक साथ कराने का सुझाव दिया था। चुनाव एक साथ कराने का विचार बहुत नया हो, ऐसा भी नहीं है। पिछली सरकारों में भी समय-समय पर इस पर चर्चाएं होती रही हैं। लेकिन इस व्यवस्था को लागू करने को लेकर अनेक संवैधानिक समस्याएं भी और कुछ बुनियादी सवाल भी है। इन सबका समाधान करते हुए यदि हम यह व्यवस्था लागू कर सके तो यह सोने में सुहागा होगा। जनता की गाढी कमाई की बर्बादी को रोकने, बार-बार चुनाव प्रक्रिया के होने से जनता को होने वाली परेशानी और प्रशासनिक कार्य में होने वाली असुविधाओं को रोकने के लिए चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था निश्चित रूप से लोकतंत्र को एक नई उष्मा एवं नया परिवेश देगी। यदि इसके लिये कोई सर्वमान्य रास्ता निकलता है तो सचमुच यह देश, समाज और लोकतंत्र के हित में होगा।

भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यत: चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है।

खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी बड़ी और मजबूत संस्था की उपस्थिति के बाद भी चुनाव में धनबल, बाहुबल एवं सत्ताबल का प्रभाव कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। ये तीनों ही हमारे प्रजातंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट है।

चुनाव साथ कराने का मुद्दा कई मायनों में बहुत महत्व का है। इसके चलते देश में विकास की गति बढ़ने की संभावनाएं भी जताई जा रही है। चुनाव एक ही बार में और एक साथ होने से विकास के काम एक बार ही रूकेंगें और देश की गाड़ी तेजी से चल पड़ेगी। इसके साथ ही वर्ष भर पूरे देश में कहीं न कहीं चुनाव होने के कारण सरकारों की प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। राजनीतिक दल राज्यों के चुनावों के चलते तमाम फैसलों को टालते हैं या लोक-लुभावन फैसले लेते हैं। इससे सुशासन का स्वप्न धरा रह जाता है। भारतीय राजनीति के लिए यह एक गहरा संकट और चुनौती दोनों है। राष्ट्र में आज ईमानदारी एवं निष्पक्षता हर क्षेत्र में चाहिए, पर चूँकि अनेक गलत बातों की जड़ चुनाव है इसलिए भारत के चुनावी कुंभ में व्याप्त विरोधाभासों एवं विसंगतियों को दूर करने के लिये उठने वाला हर कदम स्वागतयोग्य है।

लंबे समय से अनेक संगठन भी एक साथ चुनाव कराने एवं लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए सक्रिय हैं। विश्व हिन्दू परिषद-दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष श्री रिखबचंद जैन तो इसके लिए संगठन बनाकर जुटे हुए हैं। भारतीय मतदाता संगठन चुनावी यज्ञ को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने की मुहिम जुटा है। सही मायनों में हमारा लोकतंत्र ऐसी कितनी ही कंटीली झाड़ियों में फँसा पड़ा है। प्रतिदिन आभास होता है कि अगर इन कांटों के बीच कोई पगडण्डी नहीं निकली तो लोकतंत्र का चलना दूभर हो जाएगा। लोकतंत्र में जनता की आवाज की ठेकेदारी राजनैतिक दलों ने ले रखी है, पर ईमानदारी से यह दायित्व कोई भी दल सही रूप में नहीं निभा रहा है। 卐सारे ही दल एक जैसे हैं卐 यह सुगबुगाहट जनता के बीच बिना कान लगाए भी स्पष्ट सुनाई देती है। राजनीतिज्ञ पारे की तरह हैं, अगर हम उस पर अँगुली रखने की कोशिश करेंगे तो उसके नीचे कुछ नहीं मिलेगा। कुछ चीजों का नष्ट होना जरूरी है, अनेक चीजों को नष्ट होने से बचाने के लिए। जो नष्ट हो चुका वह कुछ कम नहीं, मगर जो नष्ट होने से बच सकता है वह उस बहुत से बहुत है। लोकतंत्र को जीवन्त करने के लिए हमें संघर्ष की फिर नई शुरूआत करनी पड़ेगी।

भारत के लोगों की हजारों वर्षों से एक मान्यता रही है कि हमारी समस्याओं, संकटों व नैतिक ह्रास को मिटाने के लिए अवश्य कोई फरिश्ता आएगा और हम सबको उबार लेगा। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में यह विश्वास दिलाया है यदा यदा ही धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत:।'' जब-जब धर्म का ह्रास और पाप में वृद्धि होगी तब-तब मैं धरती पर जन्म लूंगा। पर अभी पूर्ण अवतार सम्भव नहीं, अर्ध-अवतार की भी सम्भावना नहीं, तब ऐसे ही कुछ लोग अपनी प्रभावी भूमिका अदा कर लोगों के विश्वास को कायम रखेंगे कि अच्छे आदमी पैदा होने बन्द नहीं हुए हैं। देश, काल और स्थिति के अनुरूप कोई न कोई विरल पुरुष सामने आता है और विशेष किरदार अदा करता है और लोग उसके माध्यम से आशावान हो जाते हैं। आज जहां कहीं से भी चुनाव एक साथ कराने की मुहिम को बल मिल रहा है, निश्चित ही इससे लोकतंत्र मजबूत होगा, अधिक कारगर होगा एवं जीवंत बन कर देश को विकास की तीव्र गति देगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे कुछ कद्दावर नेता आते हैं और अच्छाई-बुराई के बीच भेदरेखा खींच लोगों को मार्ग दिखाते हैं तथा विश्वास दिलाते हैं कि वे बहुत कुछ बदल रहे हैं तो लोग उन्हें सिर माथे पर लगा लेते हैं। एक साथ चुनाव का मुद्दा यदि मोदीजी का संकल्प है तो अवश्य ही आकार लेगा। जैसाकि हम जानते हैं कि लोग शीघ्र ही अच्छा देखने के लिए बेताब हैं, उनके सब्र का प्याला भर चुका है। लोकतंत्र को दागदार बनानेवाले अपराध और अपराधियों की संख्या बढ़ रही है। जो कोई सुधार की चुनौती स्वीकार कर सामने आता है, उसे रास्ते से हटा दिया जाता है।

लेकिन इस बार प्रधानमंत्री स्वयं एक नया रास्ता बनाने, लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने एवं चुनाव की खामियों को दूर करने की ठानी है, इसलिये एक नया सूरज तो उदित होगा।

# टाईम पास

## सरकारों से प्रतिरोधी आवाजों को सम्मान करने की अपेक्षा उचित

राहुल गांधी असम सरकार की अड़चनों का भरपूर राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं, मगर उनसे भी लोकतांत्रिक मर्यादाएं समझने की अपेक्षा की जाती है।

राजनीतिक यात्राएं पहले भी राजनेता करते रहे हैं, मगर जिस तरह का टकराव भारत जोड़ो न्याय यात्रा और असम सरकार के बीच देखने को मिल रहा है, वैसा शायद कभी नहीं हुआ। हालांकि इसके कयास पहले से लगाए जा रहे थे, क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के बीच पहले से तल्ख रिश्ते रहे हैं।

यात्रा के असम में प्रवेश करते ही राहुल गांधी ने असम सरकार पर तीखा प्रहार कर दिया। उसे देश की सबसे भ्रष्ट सरकार कह दिया। उनकी प्रतिक्रिया में हिमंत बिस्व सरमा ने पूरे गांधी परिवार को ही भ्रष्ट करार दे दिया। ऐसी बयानबाजियां दलगत राजनीति में कोई नई बात नहीं हैं। पक्ष और प्रतिपक्ष एक-दूसरे पर, खासकर चुनाव नजदीक आने पर, ऐसे जुबानी हमले करते ही हैं। मगर जैसा कि कांग्रेस का आरोप है, राहुल गांधी की यात्रा में शामिल वाहनों पर पथराव किया गया, उसे शायद ही कोई उचित माने। फिर मुख्यमंत्री खुद इस यात्रा को अनुशासित करने के नाम पर मैदान में उतर आए। उन्होंने कानून-व्यवस्था बिगाड़ने और लोगों को उकसाने के आरोप में यात्रा में शामिल कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया। उधर असम प्रशासन ने राहुल गांधी को श्रीमंत शंकरदेव के मंदिर जाने से रोक दिया। गुवाहाटी शहर में भी यात्रा को प्रवेश की इजाजत नहीं दी गई।

यह ठीक है कि कानून-व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है और अगर उसे लगता है कि किसी यात्रा या राजनीतिक गतिविधि से सामान्य जनजीवन प्रभावित हो सकता, सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता या फिर यात्रियों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है, तो वह उसे रोक सकती है। मगर सवाल यह भी है कि ऐसी यात्राओं के रास्ते अचानक तय नहीं होते, पहले ही प्रशासन से इसकी इजाजत ले ली जाती है, फिर असम सरकार को वहां यात्रा पहुंचने के बाद ऐसे खतरे क्यों समझ आए? इससे यही संदेश गया है कि असम सरकार को यह यात्रा राजनीतिक रूप से रास नहीं आ रही है।

राजनीतिक नफे-नुकसान का आकलन हर राजनीतिक दल करता है, इसमें कोई बुराई नहीं। मगर एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारों से प्रतिरोधी आवाजों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है। जब एक बार न्याय यात्रा का रास्ता तय हो गया था, तो उसे चलने दिया जाता, तब शायद ऐसे विवाद की नौबत न आती। असम के मुख्यमंत्री ने यात्रा के मार्ग में अवरोध खड़े करने की कोशिश करके बेवजह अपने खिलाफ नाराजगी को न्योता दे दिया।

हालांकि राहुल गांधी असम सरकार की अड़चनों का भरपूर राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं, मगर उनसे भी लोकतांत्रिक मर्यादाएं समझने की अपेक्षा की जाती है। विपक्षी दल का नेता होने के नाते उन्हें सत्ता पक्ष की कमियां गिनाने का हक तो है, मगर सीमा में रहते हुए ही उन्हें बातें बोलनी चाहिए। जैसा कि हिमंत बिस्व सरमा का आरोप है, उनके बयानों से लोगों में उत्तेजना पैदा हो रही है, राहुल गांधी से भाषा और तथ्यों का ध्यान रखने की स्वाभाविक अपेक्षा की जाती है।

छिपी बात नहीं है कि राहुल गांधी की यात्रा दलगत फायदे के लिए निकाली गई है। उसमें जहां भी कांग्रेस के अलावा दूसरे दलों की सरकार है, वे उस पर हमले करेंगे ही। मगर अभी तो यह यात्रा शुरू हुई है, इसे अन्य कई ऐसे राज्यों से होकर गुजरना है, जहां कांग्रेस की सरकार नहीं है। अगर उनका यही आक्रामक तेवर रहा, तो मुश्कलें और मिलेंगी।

## काकुरो पहेली - 3075




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 3074 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक सेठ अपने बेटे को कॉलेज में नाम लिखवाने आये.

'सेठजी आप लेट हो गए हैं, अब तो कोई भी सीट खाली नहीं है.' प्रधानाचार्य ने कहा.

सेठजी ने कहा-आप चिन्ता न करें, मेरे बेटे का नाम लिख लें. सीट मैं नयी बनवा दूँगा.

□ □ □

'कुँवारे व्यक्ति को तुम स्वार्थी क्यों कहती हो?' पहली फिल्म अभिनेत्री ने दूसरी फिल्म अभिनेत्री से पूछा.

दूसरी अभिनेत्री ने कारण बताया, 'क्योंकि कुँवारा व्यक्ति किसी महिला को तलाक का अवसर नहीं देता.'

□ □ □

विवाह के कुछ दिन बाद पति-पत्नी में लड़ाई हो गयी. पत्नी बोली, 'मैं मायके जा रही हूँ, अब नहीं आऊँगी.'

पति शांत रहा. उसने जेब में हाथ डाला और उसे रुपये देकर बोला, 'यह लो ट्रेन का किराया.'

पत्नी ने रुपये गिने और बोली, 'ट्रेन की वापसी का किराया कौन देगा?'

□ □ □

युवती-किसी ने सत्य ही कहा है कि जिसे शक्ल मिलती है उसे अक्ल नहीं मिलती.

युवक-इसलिए तो मैंने तुमसे प्रेम किया है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3075




**बायें से दायें:-**

१. अनिल कपूर, श्रीदेवी, उर्मिला की 'हो मुझे प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मन क्यों बहका रे' गीत वाली फिल्म-३
५. जैकी, संजयदत्त, रवीना की 'याइला रे लड़की मस्त मस्त' गीत वाली फिल्म-२
६. 'छोटा बच्चा जानके' गीतवाली फिल्म-३
७. अक्षय, जैकी, सुनील, रवीना, लारा की 'कोई प्यार ना करे' गीतवाली फिल्म-२
८. फिल्म 'चलते चलते' में नायिका-२
९. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की 'जिया जले जान' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'खुल गया नसीब देखो साला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा की फिल्म-२
१२. अमिताभ, फरदीन, करीना की 'जब नहीं आये थे' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१४. बिश्वजीत, माला सिन्हा की 'अकेला हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'तेरी दुनिया से दूर' गीत वाली महीपाल, श्यामा की फिल्म-३
१८. कंवलजीत, वहीदा रहमान की 'पर्वतों के पेड़ों पर' गीत वाली फिल्म-३
२०. मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. राजेशखन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२
२३. देव आनंद, माला की 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरी उमर के नौजवानों' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
२८. नसीर, आमिर, सोनाली की 'होशवलों को खबर' गीत वाली फिल्म-५
२९. 'प्रहार' में डिम्पल के साथ नायक?-२
३०. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
३१.'मैं क्या करूं राम' गीतवाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब कोई बात बिगड़ जाये' गीत वाली विनोद खन्ना, मीनाक्षी शेशद्रि की फिल्म-२
२. संजीवकुमार, लीना चंदावरकर की 'पैसे बिना प्यार फिजूल है' गीत वाली फिल्म-३
३. 'इन आँखों की मस्ती के' गीत वाली नसीर, फारूख शेख, रेखा की फिल्म-४,२
४. राजकुमार, सुनीलदत्त, साधना, शर्मिला की 'हम जब सिमट' गीत वाली फिल्म-२
५. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
७. जैकी श्रॉफ, जूही, अमृता की 'मेरी बन्नो की' गीत वाली फिल्म-३
९. 'शाम है धुआं धुआं' गीत वाली अजय देवगन, मधु, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-४
१०. विनोद खन्ना, नीतूसिंह की 'बनके संवरके मैं निकली' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'अगर जिंदगी हो तेरे' गीत वाली अविनाश वधावन, आयशा की फिल्म-३
१७. गुरूदत्त, आशा पारेख की 'वो दिल कहाँ से लाऊं' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२०. संजीवकुमार, रेहाना सुल्तान की फिल्म-३
२४. 'छू कर मेरे मन' गीत वाली अमिताभ, अमजदखान, नीतूसिंह की फिल्म-३
२५. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली विनोद मेहरा, सायराबानो की फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की 'मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-४
२९. संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3074



## सूडोकु -3075


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3074 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 3075



**बाएँ से दाएँ**

1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

शब्द पहेली -3074 का हल



# गौतम बुद्ध नगर में चार गुना बढ़े युवा वोटर्स

## तीन विधानसभा में जुड़े डेढ़ लाख नए मतदाता बढ़े, जेंडर रेशियो 12 पॉइंट पहुंचा

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतम बुद्ध नगर में लोकसभा चुनाव की तैयार की गई मतदाताओ की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया गया। इस बार जिले की तीन विधान सभाओं करीब डेढ़ लाख मतदाता बढ़ गए हैं। जेंडर रेशियो 12 पॉइंट बढा है, जबकि युवा मतदाता की संख्या चार गुना बढ़ गई है। कलेक्ट्रेट में मीडिया से बातचीत करते डीएम मनीष कुमार वर्मा ये जानकारी दी।



लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे भारत निर्वाचन आयोग ने एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता बनाने के लिए मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 27 अक्टूबर से शुरू किया था। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि 2 महीने से ज्यादा का समय तक ये काम चला जो पात्र थे, उनका नाम जोड़ा गया।

इसके अलावा मृतक और डुप्लीकेट लोगों के नाम को हटाया गया। मतदाता जोड़े जाने हेतु फार्म-6 के कुल 154876 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कुल 151071 आवेदनों को स्वीकार किया गया है। जबकि मतदाता सूची में नाम विलोपित किये जाने हेतु फार्म-7 के कुल 75823 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कुल 74100 आवेदनों को स्वीकार किया गया है।

डीएम ने बताया कि जेंडर रेशियो 12 पॉइंट बढा है, जिले में जेंडर रेशियो 804 था जो वर्तमान में 816 हो गया है। इससे स्पष्ट है कि मतदाता सूची में महिला मतदाताओं का पंजीकरण अधिक संख्या में हुआ है। जबकि युवा मतदाता की संख्या चार गुना बढ़ गई है। 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 6913 थी जो बढ़कर 24223 हो गयी है।

डीएम जिले के मतदाताओं से अपील की करते हुए कहा कि वे अपनी मतदाता सूची में नाम चेक कर लें। हर बूथ पर मतदाता सूची को 7 दिनों तक डिस्प्ले किया जा रहा है और ऑनलाइन भी नाम चेक कर सकते हैं। हालांकि हम लोगों ने प्रयास बहुत किया है तो वह अभी कंटिन्यू रिवीजन का काम चलेगा।

आप ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं। नए मतदाता बनने के लिए फॉर्म-छह भरना होगा। मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए फॉर्म-सात व मतदाता सूची में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम सुधारने या फिर पता बदलने के लिए फॉर्म-आठ भरना होगा।

# मेट्रो स्टेशन के पास संदिग्ध बैग मिलने से फैली सनसनी

नोएडा। सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन के गेट के पास बुधवार की दोपहर एक संदिग्ध बैग मिलने से आसपास के क्षेत्रों में सनसनी फैल गई। बैग मेट्रो गेट से कुछ दूरी पर पुलिस बूथ के पास टंगा हुआ था। घटना की सूचना पर आनन-फानन में सीआईएसएफ और नोएडा पुलिस सक्रिय हुई। उस जगह को घेर कर खाली करवाया गया। इसके बाद मौके पर डॉग स्क्वॉयड और डिडेक्टर मशीनें लाई गई। जब यह तय हो गया कि बैग के अंदर कुछ भी विस्फोटक नहीं है उसके बाद बैग खोला गया तो उसमें सामान निकला। फिर यह अनुमान लगाया गया कि कोई बैग रखकर भूल गया होगा। गौरतलब है कि 26 जनवरी की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर शहर में हाई अलर्ट है। इसके साथ ही मेट्रो रूट की सुरक्षा को लेकर अलग से सतर्कता है। पीएम नरेंद्र मोदी की गुरुवार को बुलंदशहर में रैली प्रस्तावित है। इसको लेकर भी नोएडा से लेकर ग्रेटर नोएडा और बुलंदशहर में सुरक्षा व्यवस्था हाई अलर्ट मोड पर है। सेक्टर 20 थाना प्रभारी ने बताया कि संदिग्ध बैग मिलने की सूचना करीब 12 बजकर 20 मिनट पर आई। सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन पर मौजूद सीआईएसएफ के जवान आए और सेक्टर-18 पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी पहुंच गए। फिर जांच शुरू हुई। जिसकी जांच में बैग में कुछ कपड़े मिले थे। ऐसा लग रहा है, कि कोई यात्रा बैग वहीं पर भूल कर चला गया। मेट्रो स्टेशन के साथ ही सेक्टर-18 मार्केट शहर का बड़ा और भीड़भाड़ वाला मार्केट हैं। यहां बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए आते हैं।

# शार्ट न्यूज

## गाजियाबाद में मनाई कर्पूरी ठाकुर की जयंती

गाजियाबाद। भारतीय सैन समाज के तत्वावधान में बुधवार को गाजियाबाद के नंदग्राम सिहानी रोड पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती मनाई गई। लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। मेयर सुनीता दयाल ने ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा ऐतिहासिक निर्णय है। यह सिर्फ सैन समाज के लिए ही नहीं, बल्कि सर्वसमाज के लोगों के लिए बेहद खुशी का निर्णय है। विधायक सुनील शर्मा ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर ने अपने जीवन में हमेशा लोगों के आर्थिक सामाजिक और शिक्षा के उत्थान के लिए आवाज उठाई थी। उनके संघर्षों को कभी बुलाया नहीं जा सकता। उनके आदर्शों पर चलने से ही सर्वसमाज के लोगों का विकास संभव है। विधायक अतुल गर्ग जी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में रहकर देश के हर वर्ग की आवाज को उठाया था। केंद्र की भाजपा सरकार में हमेशा से कर्पूरी ठाकुर को याद किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालकिशन सैन और संचालन प्रमोद राजोरिया ने किया। इस दौरान प्रोफेसर वीरेंद्र बहल, दयानंद सैन, विनोद सैन, राजकुमार सैन, डॉक्टर होशियार सैन, सतीश चौधरी, रामपाल सैन, कपिल सैन, सुधीर सैन, कालीचरण सैन, नानक चंद, रवि सैन, फतेह सिंह सैन, नानक चंद सैन, टेकचंद सैन, देशराज सैन, राजठाकुर सैन, रकम सिंह, चंद पंवार, घनश्याम ठाकुर, जयकिशन ठाकुर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## गाजियाबाद में 15 कुंतल प्लास्टिक जब्त

गाजियाबाद। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगातार प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को ये अभियान वसुंधरा जोन में चला। टीम ने सनराइज पैकिंग फैक्ट्री स्टील कंपाउंड साहिबाबाद में पहुंचकर 15 कुंतल प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त कर ली। यहां से 25 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया है। ये कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग, ईटीएफ टीम, वसुंधरा जोन की टीम, तथा पॉल्यूशन बोर्ड की टीम ने मिलकर संयुक्त रूप से की है। जिसमें प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त किया गया। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के लैब असिस्टेंट मदन गोपाल द्वारा जांच करने पर पता हुआ कि प्लास्टिक 50 माइक्रोन से भी नीचे है। कार्रवाई करते हुए जोनल प्रभारी एसके राय द्वारा जुर्माना भी वसूला गया। आगे से प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की हिदायत भी दी गई। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग से हिमांशु भारद्वाज तथा दीपक शरण प्रवर्तन दल प्रभारी भी उपस्थित रहे। नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया, गाजियाबाद नगर निगम प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाकर शहर को शत प्रतिशत प्लास्टिक मुक्त करना चाह रही है। रोस्टर के अनुसार पांचों जोन में ज़ोनल प्रभारी वृहद स्तर पर अभियान चलाते हुए कार्यवाही कर रहे हैं। इसकी रोज मॉनीटरिंग की जा रही है। कई जगह व्यापारियों ने भी इस अभियान में सहयोग दिया है।

## कैंटर ने ट्रॉली की रस्सी खींच रहे मजदूर को कुचला

मोदीनगर। गाजियाबाद में दिल्ली मेरठ मार्ग पर सौदा कट यूटर्न पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार कैंटर ने ट्रैक्टर ट्राली में भरे पशु चारे की रस्सी खींच रहे मजदूर को कुचल दिया। हादसे में मजदूर की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मध्य प्रदेश के थाना प्रकाश बमभोरी के गांव हटवा निवासी 35 साल के राकेश कुमार मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव मिल्क चाकरपुर में रहकर मजदूरी करते हैं। सुबह वह ट्रैक्टर ट्रॉली में पशुओं का चारा लेकर हापुड के पिलखुवा की एक डेयरी में जा रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर मोदीनगर में सौंदा यूटर्न के पास पहुंचे तो अचानक ट्राली में रखा चारे की रस्सी ढीली हो गई। चालक ने साइड में ट्रैक्टर रोक लिया। सुबह साढ़े छह बजे के आसपास राकेश कुमार नीचे उतरकर रस्सी को खींचने लगे। इसी बीच गाजियाबाद की और से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने राकेश कुमार को कुचल दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरन्त राकेश को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया ,जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसीपी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चालक कैंटर छोड़कर फरार हो गया। रिपोर्ट दर्ज कर चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।

## दिल्ली हाईकोर्ट का केंद्र सरकार को नोटिस

गाजियाबाद। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को भारतीय वायुसेना के हिंडन एयरबेस स्थित हवाई अड्डे से चल रही कॉमर्शियल उड़ानों को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। ये याचिका दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने दायर की थी। दलील दी गई थी कि इस हवाई अड्डे से नियमित कॉमर्शियल संचालन की अनुमति देने से याचिकाकर्ता प्रभावित होगा। हाईकोर्ट पीठ ने केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले को आगे की सुनवाई के लिए 7 मार्च को सूचीबद्ध किया है। गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दिल्ली की दूरी करीब 50 किलोमीटर है। आईजीआई एयरपोर्ट का संचालन दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड कर रहा है। डीआईएएल ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका डालकर हिंडन एयरबेस से चल रही कॉमर्शियल उड़ानों पर आपत्ति जताई थी। बता दें कि हिंडन घरेलू हवाई अड्डे से फिलहाल लुधियाना, बठिंडा, देहरादून की उड़ानें संचालित हो रही हैं। अब यहां से लखनऊ और अयोध्या की उड़ानें शुरू करने का प्लान बन रहा है। अब गाजियाबाद के बगल में जिला गौतमबुद्धनगर में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है। इसका मकसद ड्ढत्नड्ढ एयरपोर्ट का एयर ट्रैफिक कम करना है।

## क्षेत्रवासियों को मिलेगी बड़ी परियोजनाओं की सौगात

नोएडा। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशाल जनसभा जो दिनांक 25 जनवरी 2024 (गुरूवार) को गौतमबुद्धनगर लोकसभा के सिकन्द्राबाद विधानसभा चांदमारी चोला में होने जा रही है उसमें आपसभी ग्रामवासी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर माननीय प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन सुने और इसे क्षेत्र के विकास के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी कई बड़ी परियोजनाओं की सौगात क्षेत्रवासियों को मिलेगी। सबका साथ सबका विकास एवं सबका विष्वास एवं सबका प्रयास की जो परिकल्पना माननीय प्रधानमंत्री जी ने की है वह साकार हो रही है। हमसब कल प्रधानमंत्री जी के स्वागत के लिए पहुंचे। माननीय सांसद डा. महेष शर्मा जी ने कल होनेवाले जनसभा के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। ''सांसद आपके द्वार'' कार्यक्रम के दौरान दादरी विधानसभा के ग्राम कुडी खेडा, महावड, कल्दा, छिडौली, बम्बावड, आकिलपुर, रजतपुर में ग्रामवासियो के साथ बैठकर संवाद किया। गांवों में हो रहे विकास के बारे में चर्चा की और केन्द्र एवं प्रदेष की योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। क्षेत्रवासियों ने कहा कि पहले के वनिस्पत वर्तमान सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सांसद निधि से भी इस क्षेत्र में विकास कार्य ग्राम कुडीखेडा में लोकार्पण किया एवं जिला पंचायत/विधायक निधि से भी इस गांवो का विकास हुआ है।

## गौकशी करने वालों से पुलिस की मुठभेड़

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना मसूरी इलाके में गोकशी करने वाले बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो हुई। पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगी है। जबकि दो बदमाश कोहरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। गाजियाबाद में एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया कि थाना मसूरी पुलिस की चैकिंग के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग करने वाले एक बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। एसीपी ने बताया कि थाना मसूरी क्षेत्र के गोविन्दपुरम ओवरब्रिज के नीचे से गौकशों ने 20 जनवरी को बैल चोरी करके खेत में ले जाकर गौकशी की थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। देर रात में थाना मसूरी पुलिस की मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों से सिकरोडा के जंगल में आउटर पर मुठभेड़ हो गयी। बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक गौकश जुनैद कुरेशी पैर में गोली लगने से घायल होकर गिर गया। गिरफ्तार बादमश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, विजयनंगर से चोरी की गई एक मोटसाइकिल और गौकशी की घटना में प्रयुक्त उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार बदमाश ने अपने भागे हुए दोनों साथियों के नाम अमन और आदिल बताए हैं, जो मौके से कोहरे और अंधेरे का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहे।

# जूता बनाने वाली बंद पड़ी कंपनी में आग

नोएडा। फेस-2 थाना क्षेत्र में बंद पड़ी जूते की फैक्ट्री में मंगलवार देरात आग लग गयी। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान कंपनी के अंदर रखी मशीनरी व अन्य सामान जलकर राख हो गया। किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। वहां मौजूद गार्ड ने दमकल विभाग को जानकारी दी थी।

यह कंपनी नोएडा के स्पेशल इकोनॉमिक जोन के अंदर है। सूचना मिलने पर एसीपी सेंट्रल नोएडा प्रथम दीक्षा सिंह भी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों और नोएडा पुलिस की सूझबूझ से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि मंगलवार देर रात एनएसईजेड बाउंडरी के अंदर प्लाट नंबर 21, 22 स्थित मिड ईस्ट इंडिया लिमिटेड नाम की कंपनी में अचानक आग गयी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग को काबू में किया। कोई जनहानि नहीं हुई है।


गार्ड इंचार्ज प्रमोद ने बताया कि यह जूते बनाने की कंपनी थी, जो कई साल से बंद पड़ी है। कंपनी के अंदर पुरानी मशीनरी और अन्य सामान था। बताया गया कि आग शॉट सर्किट की वजह से लगी। आसपास की कंपनियों में आग न पहुंचे सावधानी के तौर पर उन पर पानी का छिड़काव किया गया। आग पर काबू पा लिया गया ।

# किसानो ने यात्रा निकालकर एनटीपीसी के सामने फोड़ी मटकी

## सैकड़ों की संख्या में महिला किसान हुई शामिल, जब तक मांग पूरी नहीं, जारी रहेगा धरना

नोएडा। मांगों को लेकर भारतीय किसान परिषद की देखरेख में एनटीपीसी और नोएडा प्राधिकरण से प्रभावित करीब 105 गांवों के किसान पैदल मार्च एनटीपीसी तक पैदल मार्च किया। इस दौरान महिला किसानों ने अपने सिर पर मटकी ले रखी थी। जिसे एनटीपीसी के सामने फोड़कर अपना विरोध दर्ज कराया।

इससे पहले सैकड़ों की संख्या में किसान मोदी मॉल के पास एकत्रित हुए। यही से सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने सिर पर मटकी ली और एनटीपीसी की ओर चल दिए। परिषद के अध्यक्ष सुखवीर ख़लीफ़ा ने कहा कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता प्रदर्शन उग्र होता रहेगा।



नोएडा प्राधिकरण पर संपूर्ण तालाबंदी की गई है। आज मटकी यात्रा निकालने के बाद आगे भी इस तरह के प्रदर्शन किए जाते रहेंगे। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर ख़लीफ़ा ने बताया कि कड़ाके की ठंड में भारी संख्या में किसान मातृ शक्ति व बुजुर्ग युवा शक्ति दिन रात धरने पर है।

धरना चलते हुए बहुत समय हो गया। लेकिन अभी तक समान मुआवजा व रोजगार, 10 प्रतिशत प्लाट अन्य मांगो पर अभी कुछ काम नहीं हुआ। उससे किसानों में भारी आक्रोश है। अगर अब काम नहीं करते हैं तो ठीक नहीं होगा। किसान अबकी बार आर पार के मूड में है।

ख़लीफ़ा ने बताया कि चार साल से एनटीपीसी के किसान धरने पर बैठे हैं। अब अगर काम नहीं होता है तो किसान जल्दी ही दिल्ली में एनटीपीसी के सीएमडी का घेराव करने का काम करेंगे।

### एनटीपीसी में शामिल किसानों की मांग

एक समान दर से मुआवजा दिया जाए

बच्चों के लिए स्कूल और एनटीपीसी में नौकरी दी जाए

एनटीपीसी के प्रभावित सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि दी जाए।

एनटीपीसी दादरी के 5 किमी के दायरे में रहने वाले भू विस्थापित को फ्री में बिजली दी जाए।

200 बेड का अस्पताल बनाया जाए।

दादरी में दो डिग्री कॉलेज खुलवाया जाए।

# बेटियों के सम्मान को लेकर निकाली रैली

## बेटियों के सम्मान, कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति किया गया जागरूक

नोएडा। जनपद में बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेक्टर 39 स्थित संयुक्त जिला अस्पताल परिसर से जन जागरूकता रैली निकाली गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. ललित कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली संयुक्त जिला अस्पताल परिसर से शुरू हुई और महिला थाने, सिटी सेंटर, राजकीय डिग्री कालेज से होते हुए दोबारा अस्पताल परिसर में आकर समाप्त हुई। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में सीएमओ की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया।




जिसमें जनपद के विभिन्न चिकित्सालय व अल्ट्रासाउंड केन्द्रों के चिकित्सकों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर बेटियों के सम्मान, कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लिंग समानुपात, पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम और मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ़ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम पर महत्वपूर्ण संदेश दिए गए।

बालिकाओं के गिरते लिंगानुपात को लेकर जागरूकता पैदा करने एवं उनके साथ समाज में हो रही असमानताओं को दूर करने के उद्देश्य से हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है।

सीएमओ कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के आयोजन का महत्व बताया। उन्होंने समाज में बालिकाओं की जरूरत, उनके महत्व एवं उनके कार्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि समाज एवं घर परिवार बालिकाओं की अनुपस्थिति में वीरान लगते हैं। उन्होंने बालिकाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक तौर पर सशक्त होने के लिए जागरूक किया।

### घर से 15 लाख की नगदी और जेवर लेकर चोर फरार

**नोएडा।** सेक्टर 12 में रहने वाले एक व्यक्ति के घर से चोर दिनदहाड़े लाखों रुपये की ज्वैलरी और नगदी चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने उनके घर पर काम करने वाले दो लोगों पर संदेह जाहिर किया है। सेक्टर 24 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में उत्सव गौड़ ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर 12 में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर पर इस समय निर्माण का काम चल रहा है। जिसमें कई लोग काम पर लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी की शाम को 6 बजे के करीब उनके घर से 15 लाख रुपये कीमत की ज्वैलरी और नगदी चोरी हो गई है। चोर उनके घर से एक मंगल सूत्र, तीन सोने की चेन,दो टीके,पांच अंगूठी, दो सेट गले का हार, चार चूड़ी, चार पायल,पांच चांदी के सिक्के के साथ ही कुछ अन्य जेवर और पचास हजार रुपये की नगदी लेकर फरार हो गए ।

# बकाया जमा कराने के लिए दस बिल्डर्स को भेजा पत्र

ग्रेटर नोएडा। नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत की समिति की सिफारिशें लागू करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 10 बिल्डर्स को बकाया जमा करने के लिए पत्र भेज दिया है। इन बिल्डर्स को बकाये का 25 प्रतिशत पैसा जमा करना होगा। पैसा जमा होने के बाद इन परियोजनाओं की रजिस्ट्री शुरू हो जाएगी।

बिल्डर्स-बायर्स विवाद को खत्म करने के लिए सरकार ने नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत की समिति की सिफारिशों को लागू करने की हरी झंडी दे दी थी। अब उस पर अमल शुरू हो गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में 96 बिल्डर्स को बकाया जमा करना है। पहले चरण में 52 बिल्डर्स आगे आए हैं। इसको लेकर प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों ने बिल्डर्स के साथ बैठक की। अब 10 बिल्डर्स को बकाया जमा करने के लिए पत्र भेजा गया है। 60 दिन के भीतर उन्हें 25 प्रतिशत पैसा जमा करना होगा। पैसा जमा होते ही इन परियोजनाओं की रुकी हुई रजिस्ट्री शुरू हो जाएंगी। साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं में काम शुरू हो जाएगा। प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि बिल्डर्स को बकाया जमा करने के लिए पत्र भेजा गया है। रोजाना 5-10 बिल्डर्स को पैसा जमा कराने के लिए पत्र भेजा जाएगा।

ताकि वह पैसा जमा करें। पैसा जमा होते ही रजिस्ट्री शुरू हो जाएंगी। प्राधिकरण का प्रयास है कि जल्द से जल्द पैसा जमा कराकर खरीदारों को राहत दी जाए।

# अनिल दुजाना के गुर्गे के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

गौतम बुद्ध नगर। पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुध नगर में ख्यात माफियाओं और उनके गिरोह के खिलाफ पुलिस के द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान उनके द्वारा अर्जित की गई अवैध संपत्ति को भी पुलिस के द्वारा कुर्क किया जा रहा है। इसी कड़ी में बिसरख पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई करते राजू पंडित की एक करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति को कुर्क किया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट के समस्त पुलिस अधिकारियों द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध निरंतर स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्धनगर द्वारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के तहत राजू पण्डित उर्फ राजेन्द्र निवासी धूममानिकपुर के द्वारा अवैध रुप से अर्जित सम्पत्ति को कुर्क किया गया। इस दौरान पुलिस ने गाजियाबाद के लैंड क्राफ्ट सोसाइटी में उसके फ्लैट को कुर्क किया ।इस फ्लैट का क्षेत्रफल 130.53 वर्ग मीटर है ।इस सम्पत्ति की कीमत करीब एक करोड़ 4 लाख 56 हजार 220 रुपये बताई जा रही है। राजू पंडित एक शातिर किस्म का अपराधी है ,जो की अनिल दुजाना के गिरोह के लिए कार्यकर्ता था। उसके द्वारा अनिल दुजाना की शह पर काफी संपत्ति अवैध रूप से अर्जित की गई थी। बादलपुर थाना पुलिस के द्वारा अनिल दुजाना सहित राजू पंडित व अन्य लोगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई, जिसकी विवेचना थाना पुलिस के द्वारा की जा रही है। उसी कड़ी में गैंगस्टर एक्ट के तहत लगातार इन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। मीडिया प्रवक्ता की तरफ से कहा गया कि अपराधियो व माफियाओ पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा अपराधियो के विरूद्ध आगे भी इसी प्रकार की कडी कार्यवाही निरंतर स्तर पर जारी रहेगी।

# 27 से 2 फरवरी तक यूपी नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल

## पक्षी संरक्षण कार्यशाला, फोटोग्राफी के अलावा कर सकते है गाइडेड नेचर वॉक

नोएडा। नोएडा के सूरज पुर वेट लैंड में उत्तर प्रदेश नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल 27 जनवरी से 2 फरवरी तक मनाया जाएगा। वेट लैंड ग्रेटर नोएडा के मध्य में स्थित, विविध वनस्पतीय और जीवों से भरपूर, प्राकृतिक सुंदरता का खजाना है। राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग केपी मलिक ने कहा कि नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता और संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देना है। अकेले यूपी में ही 500 ये ज्यादा प्रजातियों के पक्षी आते है।

इसमें से कुछ यहीं की प्रजाती है तो कुछ साइबेरियन व अन्य देशों से यहां प्रवास करने आती है। ये समय उनके यहां प्रवास का है। उन्होंने कहा कि एनसीआर में नोएडा सबसे सुंदर और तेजी से उभरता हुआ शहर है। यहां आयोजित होने वाले फेस्टिवल में हम रिटायर्ड अधिकारियों, अनुभवी लोगों को बुलाएंगे। उनसे सुझाव लिए जाएंगे। ताकि सूरजपुर और ओखला बर्ड सेंचुरी दोनों में ही जो भी सुधार हो सकता है उसे किया जाए। इन प्राकृतिक वेटलैंड को और ज्यादा सुंदर बनाया जा सके।



### महोत्सव में क्या होगा खास

यहां आने वाले प्रतिभागियों को सूरजपुर वेटलैंड को अपना घर कहने वाली असंख्य पक्षी प्रजाति यों को देखने और उनके बारे में जानने का अवसर मिलेगा।

क्षेत्र के बर्ड विशेषज्ञों द्वारा पक्षियों की पहचान, संरक्षण और प्रकृति फोटोग्राफी पर आकर्षक कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

यहां आने वाले लोग गाइडेड नेचर वॉक और ट्रेल्स के माध्यम से सूरज पुर वेट लैंड की सुंदरता देख सकते है।

प्रकृति प्रेमियों को समर्पित इंटरैक्टिव प्रदर्शन, शैक्षिक खेल और कहानी सत्र का आयोजन किया जाएगा।

शौकिया और पेशेवर फोटोग्राफर को एक फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

उपस्थित लोग सुरम्य आर्द्र भूमि की पृष्ठभूमि में प्रकृति और संस्कृति के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण का आनंद ले सकते हैं।

सूरज पुर वेट लैंड में पक्षियों को संरक्षित करने के उद्देश्य से चल रही संरक्षण परियोजनाओं और पहल के बारे में जानने का अवसर मिलेगा।

### यहां प्रवेश होगा निशुल्क

वेट लैंड में प्रवेश निशुल्क रखा गया है। यहां कोई भी आ सकता है और महोत्सव में शिरकत कर सकता है। इसके अलावा पक्षियों के बारे में जानकारी ले सकता है। बता दे सूरज पुर वेट लैंड साइबेरियन पक्षियों और फ्लेमिंगों की पहली पंसद है।

# केमिकल का ऑर्डर देकर कारोबारी से चार लाख ऐंठे

नोएडा। कैंसर की दवाई में प्रयोग होने वाले केमिकल का ऑर्डर देकर दो महिलाओं ने एक कारोबारी के साथ चार लाख रुपये की ठगी की। कारोबारी ने मामले की शिकायत सेक्टर-39 पुलिस से की है ।सेक्टर-100 स्थित लोट्स बुलेवर्ड सोसाइटी निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि वह प्रज्ञान एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन कंपनी के प्रोपराइटर हैं। उसकी कंपनी आयात और निर्यात का काम करती है।

बीते दिनों शिकायतकर्ता के पास कस्तूरी पांडुरंगन नामक महिला का ईमेल आया। उसने खुद को यूनिवर्सल हेल्थ केयर फार्मास्यूटिकल्स कंपनी का एजेंट बताया। कस्तूरी ने ईमेल के माध्यम से कैंसर की दवाई में प्रयोग होने वाले केमिकल की सप्लाई करने का ऑफर दिया।

महिला ने बताया कि वह शर्मा इंटरप्राइजेज से उक्त केमिकल खरीद कर उन्हें सप्लाई करें, वह धनराशि कारोबारी के खाते में ट्रांसफर कर देंगे। महिला की बातों में आकर शिकायतकर्ता ने शर्मा इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की एजेंट नीता भट्ट से केमिकल के बारे में संपर्क किया। नीता भट्ट ने बताया कि उसके पास अच्छी क्वालिटी का माल है और उसकी कीमत एक लाख 65 हजार रुपये प्रति लीटर है। उसने ढाई लीटर की कीमत पर 5 प्रतिशत की छूट देने की बात कही। सुशील कुमार ने ढाई लीटर केमिकल के लिए 398,500 खाते में ट्रांसफर कर दिए।

## युवक की जहर खाने से मौत

नोएडा। जहर खाने के बाद उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराए गए युवक की उपचार के दौरान मंगलवार देर रात मौत हो गई। अस्पताल से सूचना पर मौके से पहुंची फेज तीन थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि गाजियाबाद निवासी 26 वर्षीय वरुण कुमार ने अपने घर में जहर खा लिया था। उसे गंभीर हालत में परिजनों ने उपचार के लिए सेक्टर 71 स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर उपचार के दौरान वरुण कुमार की मंगलवार की देर रात को मौत हो गई। अस्पताल से सूचना मिलने पर फेज तीन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेजा है। इसके साथ ही गाजियाबाद पुलिस को घटना की जानकारी दे दी है।

# यूपी में पहली बार पारा 1.5 पहुंचा

## अयोध्या में 2.5, 71 जिलों में कोल्ड डे और 51 में घने कोहरे का अलर्ट



कानपुर। यूपी में सर्दी अब इस सीजन का रिकॉर्ड तोड़ रही है। पहली बार इस सीजन में प्रदेश में मेरठ का पारा 1.5 दर्ज किया गया। वहीं, अयोध्या में भी भीषण ठंड है। यहां पारा 2.5 पहुंच गया। कानपुर और मुजफ्फरनगर में 2.6 जबकि लखनऊ में पारा 3.6 रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले प्रदेश में न्यूनतम पारा 2.4 दर्ज किया गया था।

मौसम विभाग के मुताबिक, गंगा के मैदानी इलाकों में भीषण ठंड और शीतलहर से अभी राहत मिलने के आसार नहीं है। अगले 7 दिनों तक ठंड कमोबेश ऐसी ही रहेगी। प्रदेश के 11 जिलों में दिन और रात दोनों में सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज यानी 24 जनवरी को प्रदेश के 71 जिलों में कोल्ड डे और 51 जिलों में घने कोहरे की गंभीर चेतावनी जारी की है। वहीं, अगर मंगलवार की बात करें तो लखनऊ, कानपुर में दोपहर बाद धूप निकली। हालांकि, सर्द हवाओं के आगे यह पूरी तरह बेअसर रही।

### पारा 5-6 कम दर्ज किया गया

मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि भीषण ठंड में पारा सामान्य से 5-6 कम है। इसलिए, शीत लहर की स्थिति बनी है। लखनऊ, रायबरेली और गोरखपुर में बुधवार रात का तापमान इस मौसम में सबसे कम दर्ज किया गया। पूरे राज्य में सीवियर कोल्ड डे की स्थिति भी बनी है। इससे दिन का पारा औसत से 10 से 12 तक नीचे गिर गया। आगरा में अधिकतम पारा 11.5 डिग्री के साथ सबसे कम था, जो सामान्य से 12 कम था। प्रयागराज में पारा 12.8 के साथ सामान्य से 11एष्ट कम था। लखनऊ का पारा औसत से 6 कम दर्ज किया गया। प्रदेश के ज्यादातर शहरों का न्यूनतम तापमान 6 से कम पहुंच गया।

### बर्फीली ठंडी हवाएं और बढ़ेंगी

कानपुर की सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय के मुताबिक, यूपी की सीमा नेपाल की तलहटी से लगती है। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय की ओर बढ़ रहा है। इसके पीछे-पीछे बेहद ठंडी हवाएं चल रही हैं। ये बर्फीली ठंडी हवाएं राज्य भर में ढलानों से लेकर तलहटी तक बहती हैं। इसलिए, समूचे मैदानी इलाकों में फैले घने कोहरे के कारण धूप करीब-करीब शून्य हो गई। अगले एक सप्ताह तक इससे राहत की कोई संभावना नहीं है। तेज ठंडी हवाएं ठंड को बढ़ाएंगी। खासकर देर रात और सुबह के समय में पारा काफी कम रहेगा। जनवरी महीने के आखिरी में आने वाला ताजा और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ ठंड से मामूली राहत दे सकता है।

# कारोबारी के 8 साल के बेटे की किडनैप कर हत्या

## चाकू से गोदकर बाग के गड्ढे में फेंकी लाश

अयोध्या। अयोध्या में बुधवार को 8 साल के बच्चे की किडनैप कर हत्या कर दी गई। उसकी लाश बाग के 8 फीट गहरे गड्ढे में खून से सनी मिली। ग्रामीणों ने लाश देखकर पुलिस को जानकारी दी।

घरवालों ने बताया कि मासूम शाम से घर से निकला था। हम लोगों ने पुलिस से किडनैपिंग की शिकायत की थी। मगर मगर उन्होंने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी।

घटना की जानकारी मिलते ही सीओ बीकापुर पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है। घरवालों से पूछताछ की जा रही है। पूरा मामला तारून थाना के बेलगरा गांव का है।

### खेलते समय बच्चा लापता हुआ

बच्चे का नाम राज है। उनके पिता मनोज गुप्ता कारोबारी हैं। उन्होंने बताया, मंगलवार को बच्चा बाहर था। काफी देर तक नहीं आया। पुलिस को हमने तुरंत जानकारी दी कि बेटे का किडनैप हुआ है।

लेकिन पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया। बुधवार सुबह 10 बजे ग्रामीण जंगल की तरफ लकड़ी काटने गए थे, तो देखा बच्चे का शव पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि शव देख कर लग रहा था कि धारदार हथियार से कई वार किया गया।

बेटे को मारे न होते, पैसा जो मांगना था ले लेते। हम सब कुछ दे देते उनको। सीओ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

इस घटना में जो भी लोग शामिल होंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई की जाएगी।

# आजमगढ़ में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के सिधारी थाने की पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़ित प्रवीण कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्त दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा, प्रिंस अव्वल, अमन शर्मा, ललित कुमार शर्मा और योगेन्द्र सिंह यादव ने नौकरी का झांसा देकर आठ लाख रूपए की ठगी की। आरोपी पीड़ित को फतेहपुर में नौकरी दिलाने का झांसा दिए थे। इसके साथ ही आरोपियों ने फर्जी ज्वाइनिंग लेटर पकड़ा दिया।

पीड़ित को जब अपने साथ ठगी का एहसास हुआ तो पीड़ित ने अपना पैसा वापस मांगना शुरू कर दिया आरोपी ने जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। इसी क्रम में आरोपी की गिरफ्तारी की गई। इस मामले में 21 जनवरी को एक आरोपी प्रिंस अव्वल को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### दूसरा आरोपी भी हुआ गिरफ्तार

इस मामले की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्रनाथ ने बताया कि घटना के आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने आरोपी दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा पुत्र कतवारू केपी को हिरासत में ले लिया गया है। इसके साथ ही आरोपी के विरूद्ध न्यायालय से कुर्की की भी कार्रवाई की जा रही थी।

उसी समय घर के लोगों ने बताया कि आरोपी लखनऊ में रहता है। एक दिन पूर्व ही घर आया है। ऐसे में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा।

# अंगीठी के धुयें से एक की मौत,दो बीमार

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के कोखराज क्षेत्र में बुधवार को अंगीठी के जहरीले धुयें की चपेट में आकर एक महिला की मृत्यु हो गयी जबकि मूर्छित अवस्था में मिले दो अन्य का उपचार किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुजातपुर (बम्हरौली) गांव में आज संदिग्ध परिस्थितियों में एक दंपति समेत तीन लोग बेहोशी अवस्था में कमरे में पाए गए, जिनमें से एक महिला की मृत्यु हो गई। उन्होने बताया कि सुजातपुर गांव निवासी संजय, पत्नी नीतू और मां कमला देवी मंगलवार की रात एक ही कमरे में सो रहे थे। ठंड से बचने के लिए उन्होने कमरे में अंगीठी जलाकर रखी थी। आज सुबह दस बजे कमरे के अंदर तीनों लोग बेहोश अवस्था में पाए गए जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल मंझनपुर ले जाया गया चिकित्सकों ने नीतू को मृत्यु घोषित कर दिया। संजय और उसकी मां कमला देवी का इलाज चल रहा है।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ की पति की हत्या

## शराब में जहर देकर नहर में फेंका, हरियाणा पुलिस ने अलीगढ़ से पूर्व फौजी को किया गिरफ्तार

अलीगढ़। अलीगढ़ के रहने वाले एक शख्स की उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हरियाणा में हत्या कर दी। जितेंद्र हरियाणा के फरिदाबाद में नौकरी करता था। जितेंद्र की पत्नी रेखा का अलीगढ़ में ही रिटायर्ड फौजी जयवीर सिंह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि जब जितेंद्र ने अपनी पत्नी से हरियाणा में रहने के लिए कहा तो रेखा और उसके प्रेमी ने मिलकर जितेंद्र को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया।

इसके बाद 11 जनवरी की रात को रेखा ने अपने पति की शराब में जहरीली दवा मिला दी और फिर बेहोश होने प्रेमी को बुलाकर पति को नहर में फेंक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। 12 जनवरी को पत्नी ने पति के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। लेकिन जब पुलिस ने रेखा का मोबाइल डिटेल निकाली तो पता चला कि वह जयवीर से लगातार बात कर रही थी। इसके बाद शक के आधार पर जब पुलिस ने



रेखा से पूछताछ की तो मामले में खुलासा हुआ।

### 11 जनवरी को महिला ने दर्ज करवाया था मुकदमा

अलीगढ़ के इगलास निवासी जितेन्द्र (40) पुत्र सोहनलाल निवासी नगला अहिवासी थाना इगलास फरीदाबाद में नौकरी करता था। उसके एक दोस्त ने ही फरीदाबाद में नौकरी लगवाई थी और वह अपने दोस्त के साथ ही उसके कमरे मे रह रहा था। जितेंद्र अचानक से 11 जनवरी को गायब हो गया था।

जितेंद्र के अचानक गायब होने के बाद उसके परिजनों ने फरीदाबाद के सेक्टर 8 थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से ही पुलिस लगातार जितेंद्र की तलाश कर रही थी। जितेंद्र का मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था, जिसके बाद पुलिस ने जितेंद्र और उसकी पत्नी का मोबाइल सर्विलांस में लगाया था।

### फौजी को इगलास से किया गिरफ्तार, शव बरामद

आरोपी महिला रेखा एक ही नंबर पर लगातार बात करती थी, इसी से पुलिस का माथा ठनका था। हरियाणा पुलिस ने नगला फतेला निवासी पूर्व नेवी फौजी जयवीर सिंह पुत्र निरंजन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर नहर से शव को भी बरामद कर लिया है। नहर में भीगने के कारण शव बुरी तरह से सड़ गया था, जिसके बाद उसका पोस्टमार्टम जा रहा है।

# बदायूं में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

## पीड़ित बोले- पूरा गांव यादवों का, हम ब्राह्मण, हमें कौन बचाएगा

बदायूं। बदायूं के वजीरगंज इलाके में बुजुर्ग की पीटकर हत्या के मामले में परिजनों ने ब्राह्मण समाज के लोगों की मदद से दूसरे दिन बुधवार को हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हाईवे जाम कर दिया। परिवार वालों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को हाईवे पर रखा और उसके आसपास बैठकर नामजदों की गिरफ्तारी की मांग उठाई।

मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाइवे पर जाम लगाकर बैठे परिजनों समेत ब्राह्मण समाज के लोगों की मांग है कि रामानंद (60) निवासी गांव धिमरपुरा की हत्या के मामले में पांच लोगों को नामजद किया गया है। इनमें पुलिस ने वीरेश व उसके भाई राजीव को गिरफ्तार कर लिया है।

### तीन नामजदों का पता दूसरे दिन भी नहीं लग सका

लेकिन बाकी के तीन नामजदों का पता दूसरे दिन भी नहीं लग सका है। आरोप




है कि इस गांव में अकेला ब्राह्मण परिवार रहता है। वहीं दो दिन पहले भी दूसरे पक्ष के लोगों ने ही झगड़ा किया था। उस वक्त भी अकेला परिवार होने के कारण रामानंद समेत उनके परिजन खामोश हो गए थे। इसी से आरोपियों के हौसले को बल मिला।

उन्होंने हत्याकांड को अंजाम दे डाला। पदाधिकारियों का कहना था कि यह बर्दाश्त से बाहर है क्योंकि पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी भी नहीं की है। केवल वही नामजद पकड़े गए हैं जो हत्याकांड को अंजाम देकर उल्टा मुकदमा लिखाने के लिए थाने गए थे। वहां पुलिस ने उन्हें बैठा लिया, जबकि बाद में गिरफ्तारी दिखा दी गई।

### समझाने में जुटे सीओ बिसौली

मामले की जानकारी पर सीओ बिसौली दो थानों की पुलिस लेकर मौके पर पहुंची। भीड़ को समझाने की कोशिश शुरू कर दी है। हालांकि भीड़ का कहना है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी पूरी नहीं होती, वे रास्ते से नहीं हटेंगे। शव का अंतिम संस्कार भी नहीं किया जाएगा।

### पूरा गांव यादवों का, कौन करेगा सुरक्षा

भीड़ में शामिल लोगों ने सीओ बिसौली से कहा कि पूरा गांव यादवों का है। अब परिवार वालों को भी वो लोग मार देंगे तो भला उनकी सुरक्षा कौन करेगा। हत्यारोपी खुलेआम घूम रहे हैं। सीओ ने कहा कि उनकी सुरक्षा हम करेंगे तो भीड़ में शामिल लोगों ने कहा कि कब तक कर लोगे। कभी न कभी तो ये लोग अपने मंसूबों को अंजाम दे ही डालेंगे।

# हाथरस में तैनात एक इंस्पेक्टर की ब्रेन हेमरेज से मौत

हाथरस। हाथरस में तैनात एक पुलिस इंस्पेक्टर की ब्रेन हेमरेज की वजह से नोएडा के एक निजी अस्पताल में आज सुबह मौत हो गई। इंस्पेक्टर की मौत के बाद पुलिस महकमे में शोक व्याप्त हो गया। चंदपा कोतवाली में तैनात इंस्पेक्टर क्राइम जितेंद्र सिंह रामपुर के सिविल लाइन इलाके के रहने वाले थे। पिछले दो माह से उनकी तैनाती हाथरस के चंदपा कोतवाली में इंस्पेक्टर क्राइम के रूप में थी। जितेंद्र सिंह की सोमवार की शाम को ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। इस पर अन्य पुलिसकर्मी उन्हें जिला अस्पताल पर लेकर आए। वहां से उन्हें गंभीर हालत में अलीगढ़ भेज दिया गया। उनकी हालत नहीं सुधरी तो उन्हें नोएडा के एक निजी अस्पताल में भेज दिया गया। वहां आज सुबह उनके उपचार के दौरान मौत हो गई। उनकी मौत का कारण ब्रेन हेमरेज बताया जा रहा है। जितेंद्र सिंह की आयु लगभग 53 वर्ष थी।

# हाथरस में भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी

## तापमान में आई और गिरावट, लोगों ने लिया अलाव का सहारा



**हाथरस।** हाथरस में शीत लहर का प्रकोप जारी है। सुबह घना कोहरा छाया रहा और इससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई। घने कोहरे की वजह से वाहनों की स्पीड काफी धीमी हो गई। सड़कों पर वाहनों की आवाजाही काफी कम हो गई। आसमान में सूरज के दर्शन नहीं हुए।

आज फिर तापमान में गिरावट आ गई। कल अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस था तो वहीं आज अधिकतम तापमान तो 16 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया लेकिन न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। सर्दी से बचने के लिए लोगों ने तरह-तरह के उपाय किए। किसी ने ब्लोअर का सहारा लिया तो किसी ने रूम हीटर का।

सामान्य दिनचर्या भी भीषण शीतलहर की वजह से काफी प्रभावित दिखाई दी। सुबह बाजार भी देरी से खुल रहे हैं। सर्दी की वजह से जिला प्रशासन ने आज कक्षा 8 तक का अवकाश घोषित कर रखा था लेकिन कक्षा 9 से लेकर 12 तक के विद्यार्थी स्कूल पहुंचे तो ऐसे में स्कूलों में भी विद्यार्थियों की उपस्थिति काफी कम दिखाई दी।

भीषण शीतलहर को देखते हुए प्रशासन ने गाइडलाइन भी जारी कर रखी है। जिले में 11 स्थान पर रैन बसेरे स्थापित कराए हैं। अधिकारी इनका समय-समय पर निरीक्षण भी कर रहे हैं। अलाव भी जलवाए जा रहे हैं।

# पांच सालों में यूपी ने आकर्षित किया 4.4 लाख करोड़ का निवेश

**लखनऊ।** एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के साथ काम कर रही उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन की नीतियों का असर सामने आने लगा है और पिछले पांच वित्तीय वर्षों में राज्य चार लाख 42 हजार 850 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित करने में सफल रहा है।

अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि हाल ही में संपन्न अध्ययन के अनुसार उत्तर प्रदेश ने 2018-19 और 2022-23 के बीच चार लाख 41 हजार 850 करोड़ रुपये से अधिक की नई निवेश परियोजनाओं को आकर्षित किया जबकि दो लाख 65 हजार 765 करोड़ रुपये की परियोजनाएं पूरी कीं। एमएसएमई निर्यात संवर्धन परिषद ने जैविक खाद्य उत्पादकों और विपणन एजेंसियों के परिसंघ (सीओआईआई) के साथ किए गए अध्ययन को जारी किया। एसोचैम के पूर्व महासचिव डॉ डी एस रावत ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में परियोजनाएं सक्रिय हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग ऑफ इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान पुनर्जीवित निवेश परियोजनाएं 38 हजार 800 करोड़ रुपये की थीं।

अध्ययन में पाया गया कि 2022-23 में कुल बकाया निवेश परियोजनाएं 12 लाख 44 हजार 436 करोड़ रुपये की थीं और कार्यान्वियन के तहत आठ लाख 47 हजार 445 करोड़ रुपये की थीं। अध्ययन में किसी भी लागत वृद्धि से बचने के लिए परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान निजी क्षेत्र द्वारा निवेश परियोजनाएं (2018-19 से 2022-23) दो लाख 17 हजार 420 करोड़ रुपये की थीं और 92 हजार 478 करोड़ रुपये की पूर्ण परियोजनाएं थीं जबकि 2022-23 में बकाया कुल निवेश परियोजनाएं छह लाख 81 हजार 746 करोड़ रुपये की थीं।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को किया जायेगा जागरूक

सीतापुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को समारोह के रूप में आयोजित किया जायेगा। जिसके परिप्रेक्ष्य में जनपद स्तर पर वृहद रूप से मतदाता जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला का निर्माण, मतदाता शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निर्वाचन कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आदेशित किया है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में उपरोक्तानुसार मतदाता जागरूकता रैली, निर्वाचन से सम्बन्धित पोस्टर मेंहदी/भाषण आदि कार्यक्रम कराया जाना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिनांक 25 जनवरी 2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर के प्रांगण में मुख्य कार्यक्रम आयोजित जायेगा।

# धूमधाम से मनाया गया उ0प्र0 दिवस

**विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा**



सीतापुर। उ0प्र0 दिवस के अवसर पर सरोजनी वाटिका सीतापुर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सीतापुर श्री राजेश वर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, स्वयं सहायता समूह, दिव्यांगजन पेंशन योजना, पी0एम0 कुसुम योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, कन्या सुमंगला योजना, जिला औद्यानिक मिशन, पी0एम0 स्वनिधि योजना आदि योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम स्थल पर पशुपालन विभाग, सेवायोजन विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, कृषि विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, गन्ना विभाग, मत्स्य पालन विभाग, जिला नगरीय विकास अभिकरण आदि विभागों द्वारा स्टाल लगाकर आमजनमानस को लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी दी गयी एवं पात्रों को लाभान्वित भी किया गया। अतिथियों ने स्टालों का भ्रमण कर उत्साहवर्धन भी किया।

राजकीय इण्टर कालेज, हिन्दू कन्या पाठशाला, प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर, प्राथमिक विद्यालय जमैयतपुर, आर्य कन्या इण्टर कालेज आदि विद्यालयों के बच्चों एवं विभिन्न विधाओं के कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को आकर्षित किया। शिवम द्वारा भरत नाट्यम, आयुषी पाण्डेय द्वारा गीत आदि कलाकारों द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गयी। सफाई अभियान पर आधारित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। दिव्यांग बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति की गयी। इसके साथ ही योग पिरामिड एवं ताईक्वाण्डो का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सीतापुर राजेश वर्मा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस समारोह हमारे प्रदेश में पहले नहीं मनाया जाता था।

पूर्व राज्यपाल राम नाइक द्वारा की गयी परिकल्पना से प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को हम लोग उत्तर प्रदेश दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश आज विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचाइयों को छू रहा है एवं विकास के पथ पर अग्रसर है। चाहे हमारा आर्थिक विकास हो, चाहे हमारा आध्यात्मिक विकास हो, चाहे हमारा धार्मिक विकास हो, चाहे हमारा औद्योगिक विकास हो, चाहे हमारा शैक्षणिक विकास हो हर आयाम को उत्तर प्रदेश ने छूने का काम किया है।

# शार्ट न्यूज

## उत्तर प्रदेश की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत उत्तर प्रदेश दिवस का हुआ आगाज़




ललितपुर। सूचना विभाग के बुंदेली कलाकारों ने बांधा शमा मोनी नृत्य, लोक गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बिखेरी छटा बुन्देली व्यंजनों ने लगाया स्वाद का जायका स्टॉलों पर स्थानीय उत्पाद रहे आकर्षण का केन्द्र राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शपथ दिलाई, बेटियों को सम्मानित कर मनोबल बढ़ाया युवा, महिला, किसान, बेटा-बेटियों, सभी का हो रहा सम्मान शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य शुभारम्भ राजकीय इण्टर कॉलेज में किया गया। इस अवसर पर मा0 राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 श्री मनोहर लाल पंथ, मा0 विधायक सदर श्री रामरतन कुशवाहा, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कैलाश नारायण निरंजन, जिला अध्यक्ष भाजपा ललितपुर श्री राजकुमार जैन, जिला अध्यक्ष नगर पालिका परिषद प्रतिनिधि श्री मुन्नालाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमा में उपस्थिति रही।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एसपी ने पुलिसकर्मियों को दिलाई शपथ



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में मौजूद सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्वाचन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने की शपथ दिलाई गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधि0/कर्म0गण को स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए, निर्भीक होकर अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार के प्रयोग की शपथ दिलाई गयी। इसी क्रम एसपी के निर्देशन में जनपद के समस्त पुलिस कार्यालयों व थाना/चौकियों में सभी पुलिस कर्मियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई गयी ।

## फुल ड्रेस ग्रांड रिहर्सल का एसपी ने लिया जायजा



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा फुल ड्रेस ग्रांड रिहर्सल के उपरान्त राष्टीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी को निर्वाचन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने दिलाई गयी शपथ पुलिस अधीक्षक मो0 मुस्ताक के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन्स ललितपुर में आगामी 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस को आयोजित होने वाली परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण किया गया तथा गणतन्त्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा की गयी। महोदय द्वारा पुलिस लाइन्स के वरिष्ठ अधिकारियों से 26 जनवरी के परेड की तैयारियों पर चर्चा करते हुए अन्य सभी वस्तुओं की उपलब्धता कराये जाने हेतु क्षेत्राधिकारी लाइन्स व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स ललितपुर को गणतंत्र दिवस पर परेड को सुव्यवस्थित व सुसज्जित बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। फुल ड्रेस ग्रांड रिहर्सल के उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा राष्टीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में मौजूद सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्वाचन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने की शपथ दिलाई गयी तथा इसी क्रम पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त पुलिस कार्यालयों व थाना/चौकियों में सभी पुलिस कर्मियों को राष्टीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई गयी।

## चोरी के सामान के साथ दो चोर गिरफ्तार

**विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा**



**सीतापुर।** एसपी चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए उन्हें रोकनें व अपराधियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी बिसवां उदयराज सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 392/23 धारा 380 भा0द0वि0 में प्रकाश में आये अभियुक्तों दिलशाद पुत्र अशजद निवासी सिर्सटोला उत्तरी कस्बा व थाना तम्बौर सीतापुर , अजीम पुत्र मो0 कलीम निवासी शेखनटोला निवासी शेखनटोला थाना व कस्बा तम्बौर सीतापुर को अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी के एक छोटा सिलेन्डर,एक जोड़ी कुर्ता-पैजामा, एक लेडिज पर्स ,एक आधार कार्ड की छाया प्रति, एक पासबुक की छाया प्रति व एक छतरी के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

## मैनपुरी के शिव प्रताप बने डिप्टी कलेक्टर

मैनपुरी। मैनपुरी के शिव प्रताप सिंह ने यूपीपीसीएस में सफलता हासिल की है। उन्हें पूरे प्रदेश में चौथी रैंक मिली है। शिव प्रताप की सफलता से घर में जश्न का माहौल है। पीसीएस का रिजल्ट आते ही शिव प्रताप सिंह के परिजन खुशी से उछल पड़े। गांव में लोग शिव प्रताप सिंह के दादा अतर सिंह को बधाई देने उनके घर पर पहुंचने लगे। आपको बता दें कि किशनी थाना क्षेत्र के कस्बा कुसमरा क्षेत्र के गांव गुलालपुर निवासी शिव प्रताप सिंह के पिता अरविंद सिंह इस समय पूर्ति निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। वह इस समय जनपद फिरोजाबाद की जसराना तहसील में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया की उनका सपना था कि उनका बेटा भी उनसे ऊंचा अफसर बनकर उनका नाम रोशन करे। उनके बेटे ने अपने पिता का सपना साकार करते हुए परीक्षा पास कर ली है। उनका बेटा आज डिप्टी कलेक्टर बन गया है।

## बिजनौर वन रेंज में मिला हाथी की लाश

बिजनौर। बिजनौर के बढ़ापुर इलाके में साहुवाला वन रेंज के जंगल मे खाई में एक जंगली हाथी का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर वन विभाग के आला अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हाथी के शव को जेसीबी की मदद से खाई से बाहर निकलवाया। दरअसल यह पूरा मामला बिजनौर के बढ़ापुर इलाके का है, जहां की साहुवाला वन रेंज में आज उस वक्त हड़कम्प मच गया जब वन क्षेत्र के जंगल मे कराली बीट के कक्ष संख्या 11 में खाई में एक हाथी का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गई। साहू वाला रेंज के वन क्षेत्र अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को सूचना दी। वहीं इस मामले में साहूवाला वन क्षेत्र अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ध्यानी ने बताया की रेंज के कक्ष संख्या 11 के वन क्षेत्र में खाई में एक हाथी का शव मिला है।

## मजदूरों को ले जा रहा विमान हुआ हादसे का शिकार,6 की मौत

कनाडा। मजदूरों को ले जा रहा एक छोटा विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद कनाडा के सुदूर उत्तर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 8 बजकर 50 मिनट पर हुआ। नॉर्थवेस्टर्न एयर ने बताया कि एक खदान में श्रमिकों को ले जाने वाली यह चार्टर उड़ान थी। इस बीच अधिकारियों द्वारा अपनी जांच शुरू करने के कारण फोर्ट स्मिथ से प्रस्थान करने वाली सभी उड़ानें बुधवार तक के लिए रोक दी गई हैं। कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने दुर्घटना की जांच के लिए एक टीम तैनात की है। विमान में कितने लोग सवार थे इसकी जानकारी हासिल नहीं हो पाई है ।रियो टिंटो के मुख्य कार्यकारी जैकब स्टॉशोल्म ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना से कंपनी को काफी दुख पहुंचा है ।स्टॉशोल्म ने कहा, हम अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और यह पता लगाने में हर संभव मदद करेंगे कि वास्तव में क्या हुआ है। आर.जे. नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज के प्रीमियर सिम्पसन ने दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। सिम्पसन ने कहा, भारी मन से मैं उन लोगों के परिवारों, दोस्तों और प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज के मुख्य कोरोनर गर्थ एगेनबर्गर ने पुष्टि की कि मौतें हुई हैं, लेकिन कहा कि अधिकारी तब तक कोई और जानकारी नहीं देंगे जब तक कि परिजनों को सूचित नहीं किया जाता।

## पाकिस्तान में भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 4.3 रही तीव्रता, अभी तक किसी नुकसान की सूचना नहीं

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में बुधवार को भूकंप आया और शाम करीब 4:04 बजे पूरे देश में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मध्यम तीव्रता के भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.3 मापी गई और नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर थी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने एक्स पोस्ट में कहा कि भूकंप की तीव्रता: 4.3, 24-01-2024, 16:16:41 IST, अक्षांश: 36.39 और लंबाई: 71.78, गहराई: 10 किमी, स्थान: पाकिस्तान पर आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) देश भर में भूकंप गतिविधियों की निगरानी के लिए भारत सरकार की नोडल एजेंसी है। एनसीएस 155 स्टेशनों के राष्ट्रीय भूकंपीय नेटवर्क का रखरखाव करता है, जिनमें से प्रत्येक में अत्याधुनिक उपकरण हैं और यह पूरे देश में फैला हुआ है। यह अपने 24×7 माध्यम से पूरे देश में भूकंप गतिविधि पर नज़र रखता है।

## चीन के जियांग्शी प्रांत में लगी भीषण आग, 25 लोगों की मौत

बीजिंग। चीन के जियांग्शी प्रांत में आग लगने की खबर सामने आई है। स्थानीय सरकार ने बुधवार को कहा कि चीन के दक्षिणपूर्वी जियांग्शी प्रांत में आग लगने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। जियांग्शी प्रांत के युशुई जिले के अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को 15:24 बजे एक शॉपिंग क्षेत्र के बेसमेंट में आग लग गई। उन्होंने कहा कि 120 बचाव, अग्निशामक, पुलिस और स्थानीय सरकारी अधिकारियों को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। स्थानीय सरकार ने कहा कि खोज एवं बचाव अभियान जारी है और आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। जियांग्शी प्रांत के युशुई जिले के अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को 15:24 बजे एक शॉपिंग क्षेत्र के बेसमेंट में आग लग गई। उन्होंने कहा कि 120 बचाव, अग्निशामक, पुलिस और स्थानीय सरकारी अधिकारियों को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। स्थानीय सरकार ने कहा कि खोज एवं बचाव अभियान जारी है और आग लगने के कारण की जांच की जा रही है।

## पढ़ाई का सपना दिखाकर अमेरिका ले गया,फिर मजदूरी करवाई,भूखा भी रखा

वॉशिंगटन। वर्जीनिया में एक संघीय जूरी ने हरमनप्रीत और कुलबीर को जबरन मजदूरी कराने, शोषण करने, मारपीट करने का दोषी ठहराया है। दोनों को आने वाली 8 मई को सजा सुनाई जाएगी ।वकील के मुताबिक दोषियों को अधिकतम 20 साल की जेल, 250,000 अमेरिकी डॉलर तक का जुर्माना और जबरन श्रम के आरोप के लिए अनिवार्य क्षतिपूर्ति का सामना करना पड़ता है। अटॉर्नी जनरल क्रिस्टन क्लार्क ने कहा कि सिंह दंपत्ति ने पीड़ित के विश्वास और स्कूल जाने की उसकी इच्छा का शोषण किया, और फिर उसके खिलाफ शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया, यह सब इसलिए किया ताकि वो उसे अपने लिए काम पर रख सकें ।दरअसल 30 वर्षीय हरमनप्रीत सिंह और 43 वर्षीय कुलबीर कौर अमेरिका के वर्जीनिया में रहते हैं। वो भारत से अपने चचेरे भाई जो उस समय नाबालिग उसे 2018 में ये कहकर अमेरिका लाए थे कि उसे पढ़ाएंगे और उसका भविष्य बनाएंगे, लेकिन अमेरिका आते ही उससे घर का काम करवाया उसके खाने की लिमिट तय कर दी भूख लगने पर उसे खाना नहीं दिया जाता था। कई दिनों तक उसे एक स्टोर में रखा गया ।कैमरे से उस पर निगरानी रखी जाने लगी। यही नहीं हरमनप्रीत और कुलबीर ने पीड़ित के दस्तावेज भी अपने पास रख लिए। उसके वापस जाने की बात करने पर दंपति से उसके साथ मारपीट भी की और उसे धमकी भी दी। उसका वीजा भी छीन लिया। जब पीड़ित ने वीजा मांगा तो उसे बुरी तरह से पीटा गया। काम से उसे एक दिन की भी छुट्टी नहीं मिलती थी। जिससे पीड़ित काफी परेशान हो गया।

## यूक्रेन के 65 कैदियों को ले जा रहा रूसी प्लेन क्रैश, 25 की मौत

मास्को। यूक्रेन के 65 कैदियों को लेकर जा रहा रूस का प्लेन अदलाबली से पहले ही क्रैश हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार रूस के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि यूक्रेन के इन युद्धबंदियों को कैदियों की अदला-बदली समझौते के तहत यूक्रेन ले जाया जा रहा था। दुर्घटना के समय प्लेन में युद्धबंदियों के अलावा चालक दल के छह सदस्य और तीन अन्य लोग भी सवार थे। मिली जानकारी के अनुसार रूस का प्लेन इल्यूशिन 2-76 मिलिट्री प्लेन यूक्रेन की सीमा से सटे इलाके बेलगोरोद में क्रैश हुआ है। इस प्लेन से यूक्रेन के 65 युद्धबंदियों को ले जाया जा रहा था। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दुर्घटना के समय प्लेन में युद्धबंदियों के अलावा चालक दल के छह सदस्य और तीन अन्य लोग भी सवार थे। बताया जा रहा है कि रूस के इल्यूशिन 2-76 मिलिट्री प्लेन को सैनिकों, सामान, सैन्य उपकरण और हथियारों को लाने ले जाने के लिए डिजाइन किया गया। इस विमान की क्षमता 90 यात्रियों तक को ले जाने की है। दुर्घटना के संबंध में रूस के स्थानीय गवर्नर वयाचेस्लाव ग्लाडकोव ने कहा कि कोरोचांस्की जिले में घटना हुई है और वह घटनास्थल पर जाकर इसका निरीक्षण करेंगे। हालांकि जांचकर्ता और आपातकर्मी पहले से ही घटनास्थल पर मौजूद हैं। यहां गौरतलब है कि यूक्रेन की सीमा से सटे बेलगोरोड क्षेत्र पर हाल के महीनों में यूक्रेन से कई हमले हुए हैं। बीते साल दिसंबर में भी यहां एक मिसाइल हमला हुआ था, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि अन्य जख्मी हो गए थे।

## कतर ने कहा- शांति वार्ता के लिए इजराइल और हमास से मिल रहे जवाब

अबू धाबी ।इजरायल और हमास युद्ध में मुख्य वार्ताकार कतर ने कहा है कि उसे इजरायल और हमास दोनों से जवाब मिल रहे हैं, क्योंकि वह युद्ध को खत्म करने के लिए एक नया समाधान खोजने के लिए उनके साथ गंभीर चर्चा कर रहा है। इसमें दो-राज्य फॉर्मूला शामिल है। युद्ध में अब तक 100 दिनों में 20,000 से ज्यादा फ़िलिस्तीनी और 2,000 इज़रायली सैनिक मारे गए हैं। कतर ने कहा कि वह इजरायल और हमास के साथ गंभीर चर्चा में लगा हुआ है और दोनों पक्षों से उसे लगातार जवाब मिल रहे हैं। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, लेकिन इजरायली अधिकारियों द्वारा दिए गए बयान कठिन मध्यस्थता प्रक्रिया की ओर ले जाते हैं। अल-अंसारी ने बताया कि जाहिर है, जब एक पक्ष कहता है कि वे दो राज्यों के समाधान को स्वीकार नहीं करते हैं और वे अंतत: इस युद्ध को नहीं रोकेंगे तो यह एक कठिन मध्यस्थता प्रक्रिया की ओर ले जाता है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा के भविष्य के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ बातचीत के बाद फिलिस्तीनी संप्रभुता के लिए अमेरिका सहित वैश्विक कॉल को खारिज कर दिया है। उन्होंने सुझाव दिया है कि इजरायल की सुरक्षा जरूरतें फिलिस्तीनी राज्य के साथ असंगत होंगी। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि संचार व्यवस्था टूटने और गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति के कारण बातचीत के नतीजे प्रभावित हो रहे हैं। अल-अंसारी ने कहा, लेकिन कतर के दोनों पक्षों के बीच विचारों के आदान-प्रदान के साथ मध्यस्थता जोरों पर है।



फ्रांस में कीमतें बढ़ने के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान किसानों ने ट्रेक्टर अड़ाकर हाइवे को जाम कर दिया।

## ईरान-पाकिस्तान की लड़ाई में चीन ने पाक को दिया मदद का भरोसा

बीजिंग ।ईरान और पाकिस्तान के बीच हालिया एयर स्ट्राइक के बाद अब चीन भी लड़ाई में कूद गया है। चीन ने पाकिस्तान को खुला समर्थन देते हुए मदद का भरोसा दिलाया है। हालांकि इससे तनाव बढ़ गया हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों दोनों देशों ने एक-दूसरे पर हमले किए, जिसको लेकर दोनों ने ही आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया था। अब चीन ने पाकिस्तान का खुला समर्थन करते हुए कहा है कि वो पाकिस्तान को संप्रभुता और टेरिटोरियल इंटीग्रिटी बनाए रखने में मदद करेगा। बताया तो यह भी जा रहा है कि ईरान और पाकिस्तान के बीच दुश्मनी को कम करने के लिए दोनों का दोस्त चीन सामने आया है। चीन ने कहा है कि दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने में जहां तक बनेगा मदद करेंगे। चीन ने पाकिस्तान से कहा है कि वो उसकी संप्रभुता और टेरिटोरियल इंटीग्रिटी को बनाए रखने में मदद करेगा। साथ ही उसने एक-दूसरे पर एयर स्ट्राइक के बाद से दोनों देशों की सुलह की पहल का भी स्वागत किया है। बताया जा रहा है कि चीन ने तनाव के बाद राजनयिक संबंधों को ठीक करने की दिशा में कदम उठाए हैं। चीन के विदेश मंत्री सुन वेइदॉन्ग ने मध्यस्थता मिशन पर पाकिस्तान का दौरा किया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वह मतभेदों को पाटने के लिए पाकिस्तान और ईरान के साथ बातचीत की तैयारी में है। गौरतलब है कि शी जिनपिंग हाल के महीनों में इजराइल-गाजा से लेकर रूस-यूक्रेन युद्ध तक में शांति की बात कर चुके हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि जिनपिंग पाकिस्तान-ईरान में भी शांति दूत बनना चाहते हैं। चीन ने 18 जनवरी को एक-दूसरे के खिलाफ मिसाइल हमलों के बाद दोनों के बीच तनाव कम करने के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने की पेशकश की। दोनों देशों से संयम और शांति बरतने और तनाव बढ़ाने से बचने की भी अपील की।

# यूएन चीफ ने इजराइल को चेताया, कहा-शांति के लिए खतरा

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइल-हमास युद्ध पर अपनी अब तक की सबसे सख्त लहजे में, महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा कि फिलिस्तीनी लोगों के अपने पूर्ण स्वतंत्र राज्य के निर्माण के अधिकार को सबको मान्यता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 'इतनी बड़ी संख्या में फिलिस्तीनियों के अंदर स्वतंत्रता, अधिकारों और सम्मान की वास्तविक भावना के बिना एक-राज्य समाधान का विकल्प अकल्पनीय होगा। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने मंगलवार को इजराइल को चेतावनी दी कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का टू-स्टेट समाधान को अस्वीकार करने से संघर्ष अनिश्चित काल तक खिंच जाएगा, जिससे वैश्विक शांति को खतरा है और हर जगह चरमपंथियों का हौसला बढ़ रहा है।




गुटेरेस ने लेबनान, यमन, सीरिया, इराक और पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए यह भी चेतावनी दी कि संघर्ष के क्षेत्रीय बढ़ने के जोखिम अब एक वास्तविकता बन रहे हैं। उन्होंने सभी पक्षों से कगार से पीछे हटने और व्यापक युद्ध की भयावह लागतों पर विचार करने का आग्रह किया। युद्ध के बाद के किसी भी परिदृश्य में नेतन्याहू द्वारा फिलिस्तीनी राज्य को अस्वीकार करने से इजराइल के सबसे करीबी सहयोगी, अमेरिका के साथ एक व्यापक दरार पैदा हो गई, जिसका कहना है कि युद्ध के बाद दो-राज्य समाधान के लिए बातचीत होनी चाहिए। जहां इजराइल और फिलिस्तीनी साथ-साथ रह सकें। इसका दुनिया भर के देशों ने समर्थन किया है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने मानवीय संघर्ष विराम के अपने लंबे समय के आह्वान को भी दोहराया, जिसका लगभग सभी देशों ने समर्थन किया। उन्होंने कहा कि हमास, जिसने 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर क्रूर हमला किया था, फिर से हमला करने और इजराइल को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध है। लड़ाई को रोकने से केवल उग्रवादियों को फिर से संगठित और हथियारबंद होने की ताकत मिलेगी। उन्होंने सुरक्षा परिषद से संघर्ष की जड़ को खत्म करने का आग्रह किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह ईरान है।

## मालदीव में चीन के जासूसी जहाज के प्रवेश को मिली मंजूरी

**माल (एजेंसी)।** मालदीव सरकार ने चीनी जासूसी जहाज जियांग यांग होंग 03 के प्रवेश को मंजूरी दे दी है। यह जहाज मालदीव के समुद्री सीमा क्षेत्र में आ सकता है। इस गतिविधि को भारत के खिलाफ देखा जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार



मालदीव सरकार ने चीनी अनुसंधान पोत जियांग यांग होंग 03 को समुद्री सीमा क्षेत्र में आने की अनुमति दी है। मालदीव की ओर से कहा गया कि जहाज मालदीव के जल क्षेत्र में कोई अनुसंधान नहीं करेगा। हालांकि जहाज के रोटेशन के लिए चीन सरकार की ओर से मंजूरी मांगी गई थी। वहीं मालदीव सरकार के बयान के मुताबिक मालदीव हमेशा मित्र देशों के जहाजों के लिए एक स्वागतयोग्य जगह रहा है और शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बंदरगाह पर जाने वाले नागरिक और सैन्य दोनों जहाजों की मेजबानी करता रहा है। एक रिपोर्ट में बताया गया कि इस तरह का फैसला मालदीव और साझेदार देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाता है और मित्र देशों के जहाजों का स्वागत करने की सदियों पुरानी परंपरा को भी दर्शाता है।

हालांकि मित्र देशों के जहाजों का स्वागत वाले बयान को भारत पर सीधे हमले के तौर पर देखा जा रहा है, जबकि माले के नई दिल्ली से हटकर बीजिंग की ओर बढ़ने के सबूत के रूप में माना जा रहा है। चीन का यह कदम हिंद महासागर क्षेत्र या आईओआर में एक संभावित महत्वपूर्ण भूराजनीतिक और सैन्य बदलाव है। वैसे, इस जहाज को सैन्य उद्देश्यों के लिए हिंद महासागर के तल की मैपिंग करने वाले जासूसी जहाज के रूप में देखा जाता है। बताया जा रहा है कि यह जहाज फरवरी महीने की शुरुआत में मालदीव की राजधानी माले पहुंचेगा। 4,300 टन वजनी जियांग यांग होंग 03 को हिंद महासागर के तल की मैपिंग अनुसंधान जहाज के रूप में जाना जाता है। यह अनुसंधान अभ्यास मूल्यवान डेटा प्रदान कर सकते हैं जो पानी के नीचे भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी करने में मदद कर सकते हैं। मैपिंग चीन को भविष्य में पनडुब्बियों और सबमर्सिबल ड्रोन का उपयोग करने में भी सक्षम बनाती है।

## गणतंत्र दिवस से पहले, फ्रांस, यूएई के साथ भारत का एयर ड्रिल

भारतीय वायु सेना ने गणतंत्र दिवस से तीन दिन पहले मंगलवार को फ्रांसीसी वायु और अंतरिक्ष बल (एफएएसएफ) और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) वायु सेना के सहयोग से अभ्यास डेजर्ट नाइट का आयोजन किया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन 25-26 जनवरी तक भारत के 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भारत में आने वाले हैं। मंत्रालय ने कहा कि फ्रांसीसी की भागीदारी में राफेल लड़ाकू विमान और एक मल्टी-रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट की तैनाती शामिल थी, जबकि यूएई वायु सेना ने एफ-16 का योगदान दिया था। ये विमान यूएई में अल धफरा हवाई अड्डे से संचालित होते थे।

## कनाडा दुनिया का सबसे अच्छा देश... अब तक की सबसे कम अप्रूवल रेटिंग के बीच बोले जस्टिन ट्रूडो

**लंदन (एजेंसी)।** कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने देश को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बताया और कहा कि उनकी सरकार हमेशा गंभीर और जिम्मेदार निर्णय ले रही है, भले ही उनकी अनुमोदन रैंकिंग अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गई हो। ट्रूडो ने अपने पोस्ट किए गए एक वीडियो बयान में कहा कि हम जानते हैं कि हम दुनिया में चुनौतीपूर्ण समय का सामना कर रहे हैं। हमारे पास एक ऐसी सरकार है जो लगातार अपनी आस्तीन चढ़ाकर गंभीर, जिम्मेदार और स्थिर निर्णय ले रही है। हम कनाडाई लोगों का समर्थन करने और उनके लिए एक मजबूत और समृद्ध भविष्य बनाने के लिए वहां हैं। यह कहते हुए कि कनाडाई लोगों को एक योजना वाली सरकार की आवश्यकता है, ट्रूडो ने कहा कि उनके प्रशासन में ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में काम जारी रखने की क्षमता है। उन्होंने आगे कहा कि कनाडा दुनिया का सबसे अच्छा देश है और यह हम सभी पर निर्भर है कि हम कड़ी मेहनत करें और इसे और भी बेहतर बनाएं। इसी पर हमारा ध्यान केंद्रित है और हम यही करना जारी रखेंगे। कनाडाई शोध और रणनीतिक विपणन फर्म लेगर द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 63 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे ट्रूडो सरकार से असंतुष्ट हैं, जबकि केवल 30 प्रतिशत ने कहा। सर्वेक्षण में कहा गया है कि एक-चौथाई से अधिक कनाडाई (27 प्रतिशत) का मानना है कि कंजर्वेटिव पार्टी के विपक्षी नेता पियरे पोइलिवरे सर्वश्रेष्ठ प्रधान मंत्री बनेंगे, जो उन्हें जस्टिन ट्रूडो (17 प्रतिशत) और उनकी सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी से काफी आगे रखेंगे। सर्वे के मुताबिक, 51 फीसदी लोग चाहते हैं कि नए नेता के लिए रास्ता बनाने के लिए ट्रूडो अगले चुनाव से पहले इस्तीफा दे दें। कनाडा के 72 प्रतिशत मतदाताओं का मानना है कि वे पिछले नौ वर्षों से जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में एक नया प्रधान मंत्री देखना चाहते हैं।

## भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर आए यूएनजीए के अध्यक्ष बोले, परिषद को लोकतंत्रीकरण की तत्काल आवश्यकता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने बुधवार को सुरक्षा परिषद की संरचना की आलोचना करते हुए कहा कि इस निकाय में वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं का प्रतिनिधित्व नहीं किया गया है। उन्होंने उन दावों पर भी गौर किया जिसमें कहा गया है कि परिषद को लोकतंत्रीकरण की तत्काल आवश्यकता है। भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर आए डेनिस फ्रांसिस से सुरक्षा परिषद में भारत और अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका जैसे अन्य देशों के प्रतिनिधित्व के बारे में पूछा गया था।




उन्होंने कहा कि 1945 के बाद के युग से दुनिया मौलिक रूप से बदल गई है। आज की भू-राजनीतिक वास्तविकताएँ परिषद में प्रतिबिंबित नहीं होती हैं। और ऐसे लोग भी हैं जो दावा करते हैं कि परिषद को लोकतंत्रीकरण की तत्काल आवश्यकता है। मामले का तथ्य यह है कि परिषद, हाल के वर्षों में, अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को मजबूत करने में सहायता और समर्थन करने के लिए आवश्यक निर्णय लेने में उत्तरोत्तर असमर्थ रही है। भू-राजनीति, भू-राजनीति की वैश्विक गतिशीलता को परिषद में आयात किया जाता है और इसके परिणामस्वरूप हमेशा एक या दूसरे पक्ष द्वारा वीटो का उपयोग होता है।

जी20 में अफ्रीकी संघ की सदस्यता और इसमें शामिल करने में भारत की भूमिका के बारे में बोलते हुए फ्रांसिस ने कहा कि किसी के मन में कोई संदेह नहीं है कि भारत की अफ्रीका तक पहुंच, विशेष रूप से जी20 में अफ्रीकी संघ की सदस्यता की सुविधा प्रदान करने के संबंध में भारत के नेतृत्व को दर्शाता है। लेकिन इससे भी अधिक, यह तीसरी दुनिया, वैश्विक दक्षिण में विकास में सहायता और सुविधा प्रदान करने की अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# 58 प्रतिशत पाकिस्तानी महिलाएं तलाक की ख्वाहिशमंद, बंदिशें पसंद नहीं

**कराची (एजेंसी)।** एक सर्वे के मुताबिक 58 प्रतिशत पाकिस्तानी महिलाएं तलाक की ख्वाहिशमंद हैं। वह अपने पर लगी बंदिशों से परेशान होकर तलाक लेना चाहती हैं। हालांकि यहां पर महिलाओं को तलाक के लिए आवेदन का अधिकार नहीं है, इसलिए पति की सहमति से शरिया के मुताबिक शादी को समाप्त कर सकती हैं। शायद यही वजह रही कि पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक ने भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा से तलाक लेकर दूसरी शादी रचा ली। इसे लेकर भारत से पाकिस्तान तक खूब चर्चा हुई। लेकिन आप जानकर हैरान होंगे कि सानिया मिर्जा ही नहीं, पाकिस्तान में रहने वाली बहुत सारी महिलाएं अपने पतियों से तलाक लेना चाहती हैं। ये हम नहीं, 2019 में हुए एक सर्वे में इस बात का खुलासा हुआ था। तब 58 प्रतिशत पाकिस्तानियों ने माना था कि बड़ी संख्या में महिलाएं तलाक ले रही हैं और यह संख्या हर साल तेजी से बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार पाकिस्तान में तलाक की निगरानी करने के लिए कोई खास एजेंसी नहीं है। यहां शरिया या इस्लामी कानूनों के द्वारा ही तलाक लिया जा सकता है। एक महिला तलाक के लिए आवेदन नहीं कर सकती। लेकिन पति की सहमति से शादी को समाप्त कर सकती है, जिसे खुला कहा जाता है। सानिया मिर्जा ने भी यही किया है।

इस मामले में महिला अधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि ऐसे में पुरुषों के पास ज्यादा अधिकार होते हैं। लेकिन जैसे-जैसे महिलाएं सशक्त हो रही हैं, वे खुद फैसले लेना चाहती हैं। रोक टोक उन्हें पसंद नहीं। जब उन्हें रोका जाता है, नए रास्ते तलाशती हैं। यही वजह है कि पहले के मुकाबले अधिक पाकिस्तानी महिलाएं अपनी शादियां खत्म करने विकल्प चुन रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह सर्वे गैलप और गिलानी रिसर्च फाउंडेशन ने 2019 में किया था। तब 58 फीसदी पाकिस्तानियों का मानना था कि पाकिस्तान में तलाक की दर में वृद्धि हुई है। 5 में से 2 लोगों ने कहा कि ज्यादातर मामलों में ससुराल वाले जिम्मेदार होते हैं। सिर्फ 11 प्रतिशत ने कहा कि तलाक के मामले कम हो गए हैं। देश के 4 प्रांतों में 1,287 लोगों पर यह सर्वे किया गया था और इसमें ज्यादातर महिलाएं शामिल थीं।

इस मामले में लाहौर स्थित मानवाधिकार संरक्षण केंद्र की वकील अतिका हसन रजा ने बताया कि अधिक महिलाएं खुला की मांग कर रही हैं। वे अपने अधिकारों के बारे में जानती हैं और अब अधिक स्वतंत्र हो रही हैं। दो बच?चों की मां शाजिया (बदला हुआ नाम) ने 2 साल पहले खुला कर दिया। क्योंकि वह एक रेस्टोरेंट चलाने लगी। उसने कहा, अब मुझे पति की जरूरत नहीं। बच्चों को मैं अकेले पाल लूंगी।



शादी के बाद उसने काफी अत्याचार सहे थे। इसी तरह इस्लामाबाद की रहने वाली हानिया ने स्नातक तक पढ़ाई की। वह ज्यादा वेतन वाली नौकरी करना चाहती हैं, लेकिन परिजनों ने उनकी शादी चचेरे भाई से तय कर दी। शादी वाले दिन ही हानिया भाग निकलीं। बाद में खुला के लिए अर्जी दी और खुद को इस रिश्ते से अलग कर लिया।

# भारत-इंग्लैंड पहला टेस्ट आज से





हैदराबाद (एजेंसी)। यहां के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में गुरुवार से भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट शुरु होगा। इस सीरीज में दोनो ही टीमों के बीच कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। भारतीय टीम को घरेलू मैदानों का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही उसे प्रशंसकों का भी समर्थन मिलेगा। भारतीच पिचें स्पिनरों की सहायक होती हैं। जिससे भी टीम को लाभ होगा। कप्तान रोहित शर्मा की टीम इस सीरीज को हर हाल में जीतना चाहेगी।

भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इस टेस्ट में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह रजत पाटीदार को अवसर मिला है। पाटीदार का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकार्ड रहा है। वहीं केएल राहुल इस सीरीज में बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे। विकेटकीपर के तौर पर केएस भरत या ध्रुव जुरेल में से किसी एक को मौका मिलेगा। भारतीय बल्लेबाजी रोहित के अलावा राहुल और यशस्वी जायसवाल , शुभमन गिल जैसे बल्लेबाजों पर आधारित रहेगी। वहीं स्पिन की जिम्मेदार आर अश्विन , रविन्द्र जडेजा और कुलदीप यादव पर रहेगी। तेज गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। पांच मैचों की ये सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह बनाने को देखते हुए भी बेहद अहम है। ऐसे में इंग्लैंड भी इसमें जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी।

आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत और इंग्लैंड के बीच अभी तक कुल 131 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं। इसमें से 50 मुकाबले इंग्लैंड की टीम ने जबकि भारतीय टीम ने केवल 31 मैच जीते है। वहीं 50 मैच ड्रॉ रहे हैं। इस प्रकार मेहमान टीम का पलड़ा भारी नजर आता है पर टीम इंडिया ने अपने घरेलू मैदान पर कुल 22 मैचों में जीत दर्ज की। वहीं भारत को इंग्लैंड में कुल 9 मुकाबलों में जीत मिली है। इंग्लैंड को अपने घरेलू मैदान पर कुल 36 मुकाबले में जीत मिली है, जबकि भारत में 14 मुकाबले में जीत मिली है।

वहीं भारत में स्पिन पिचों को देखते हुए बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने पहले टेस्ट के लिए तीन स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज को शामिल किया है। यहां तक कि तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को भी जगह नहीं मिली है। रेहान अहमद, जैक लीच और टॉम हार्टले स्पिन की जिम्मेदारी संभालेंगे। तेज गेंदबाज के रूप में उन्होंने सिर्फ मार्क वुड को ही टीम में जगह दी है। हार्टले इस मैच से टेस्ट डेब्यू करेंगे। इंग्लैंड ने बेन फॉक्स को भी टीम में जगह दी है। यानी वह टीम के लिए बतौर विकेटकीपर खेलेंगे और जॉनी बेयरस्टो टीम में एक बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे। टीम में प्रमुख बल्लेबाज जो रुट भी शामिल हैं।

### टीम

**भारतीय टीम**- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आवेश खान।

**इंग्लैंड टीम**- बेन स्टोक्स (कप्तान) , जैक क्रॉउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फॉक्स (विकेटकीपर), रेहान अहमद, मार्क वुड, टॉम हार्टले और जैक लीच।

# बीडबल्यूएफ रैंकिंग में सात्विक-चिराग का कमाल, दुनिया की नंबर वन जोड़ी बनीं



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार को बीडबल्यूएफ पुरुष डबल्स बैडमिंटन रैंकिंग में फिर टॉप पर पहुंच गए हैं। वह पिछले दो हफ्ते से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंटों में उपविजेता रही थी। बता दें कि, दोनों पिछले साल हांगझू एशियाई खेलों में ऐतिहासिक गोल्ड पदक जीतने के बाद पहली बार टॉप रैंकिंग पर पहुंचे।

इंडिया ओपन फाइनल में उन्हें वर्ल्ड चैंपियन कांग मिन युक और सिओ सांग जाए ने हराया। अन्य भारतीयों में एचएस प्रणय आठवें नंबर पर पहुंच गए जबकि लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत क्रमश 19वें, 25वें और 30वें स्थान पर बने हुए हैं।

## पहले दो टेस्ट मैचों के लिए विराट की जगह रजत पाटीदार शामिल



हैदराबाद (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने विराट कोहली की जगह पहले दो टेस्ट मैचों के लिए बल्लेबाज रजत पाटीदार को शामिल किया है। विराट ने निजी कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों से नाम वापस ले लिया था। वहीं उनकी जगह शामिल रजत इस मैच से अपना टेस्ट डेब्यू करेंगे। पाटीदार का घरेलू क्रिकेट के साथ ही आईपीएल में शानार रिकार्ड रहा है। पाटीदार ने गत वर्ष दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पदार्पण मुकाबले में ही 16 गेंदों में 137.50 की स्ट्राइक रेट के साथ 22 रन बनाए थे। पिछले सप्ताह पाटीदार ने भारत ए टीम की ओर से अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 151 रन बनाए थे। ये बल्लेबाज इस समय शानदार लय में है जिसका लाभ भारतीय टीम को मिलेगा। आईपीएल में पाटीदार ने 12 मैच खेलकर 40.4 की औसत और 144.29 की स्ट्राइक रेट से 404 रन बनाए हैं।

इससे पहले बीसीसीआई ने घोषणा की थी कि विराट ने व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों से नाम वापस ले लिया है। बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा, विराट ने निजी कारणों का हवाला देते हुए भारतीय इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले दो टेस्ट से हटने का अनुरोध किया था। साथ ही कहा कि मीडिया और प्रशंसकों से अनुरोध करता है कि वे इस दौरान विराट कि निजता का सम्मान करें और उनके व्यक्तिगत कारणों की प्रकृति पर अटकलें लगाने से बचें।

# जायसवाल को पछाड़कर रचिन रवींद्र बने आईसीसी इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर

नई दिल्ली (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी रचिन रवींद्र और ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज फोएबे लीचफील्ड को क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में आईसीसी इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर का विजेता चुना गया है। रवींद्र को भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल और क्रमश: श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका और गेराल्ड कोएत्जी से टक्कर मिली थी। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाजी ऑलराउंडर रवींद्र ने 2023 में अपने वनडे कारनामों के लिए सुर्खियां बटोरीं, जिस प्रारूप में उन्होंने मार्च में पदार्पण किया था।

रचिन रवींद्र के लिए साल 2023 किकेट विश्व कप खास रहा था। उन्होंने विश्व कप में 578 रन बनाए थे जोकि न्यूजीलैंड के किसी भी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। रचिन ने विश्व कप के पहले ही मुकाबले में इंगलैंड के खिलााफ 96 गेंदों पर नाबाद 123 रन बनाकर सबको हैरान कर दिया थ। इसके बाद बेंगलुरु में पाकिस्तान के खिलाफ भी शतक लगाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक उत्साही लक्ष्य का पीछा करते हुए 116 रन बनाए जोकि उन्हें खूब चर्चा दे गया।



अवॉर्ड जीतने के बाद रवींद्र ने आईसीसी के एक बयान में कहा कि यह स्पष्ट रूप से एक बहुत ही खास एहसास है। जब भी आपको किसी चीज के लिए आईसीसी द्वारा मान्यता दी जाती है, तो यह हमेशा विशेष होता है। पिछले साल या उसके आसपास काफी बवंडर रहा है। इतने सारे अलग-अलग वातावरण में इतना क्रिकेट खेलने का अवसर मिला है वास्तव में खास रहा। सभी साथी नामांकितों को बधाई, जिनका साल अविश्वसनीय रहा और उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया।

महिला वर्ग में फोएबे ने साल की शानदार शुरुआत की और पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर अपने पहले 2 एकदिवसीय मैचों में लगातार नाबाद अर्धशतक जमाए। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की टीम में चयन से चूकने के बावजूद लीचफील्ड ने डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 106 रन बनाकर मजबूत वापसी की। भारत के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में वह प्लेयर ऑफ द सीरीज रहीं। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम में 119 रन भी बनाए।

फोएबे ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज लॉरेन बेल, बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मारुफा एक्टर और स्कॉटलैंड के ऑलराउंडर डार्सी कार्टर से आगे यह पुरस्कार जीता। उन्होंने अवॉर्ड जीतने के बाद कहा कि मैं आईसीसी की वर्ष की उभरती हुई महिला क्रिकेटर नामित होने पर रोमांचित हूं। अविश्वसनीय क्रिकेटरों के साथ नामांकित होना एक सम्मान की बात है और मैं सभी पुरस्कार नामांकितों को अपनी बधाई देना चाहती हूं।

यह महिला क्रिकेट के लिए एक बड़ा साल रहा है और सभी टीमों का स्तर लगातार बढ़ रहा है, जो हमारे खेल के भविष्य के लिए रोमांचक है। इंग्लैंड और भारत के खिलाफ घर से दूर बहु-प्रारूप श्रृंखलाएं हमारे समूह के लिए बड़ी चुनौतियां थीं लेकिन हमने इसका लुत्फ उठाया। अवसर।

## द्रविड़ ने हैदराबाद की पिच को अच्छा बताया कहा, समय के साथ मिलेगा टर्न

हैदराबाद । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के अनुसार इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए यहां की पिच अच्छी रहेगी । साथ ही कहा कि समय के साथ ही इससे स्पिनरों को अधिक सहायता मिलेगी । द्रविड़ ने कहा कि पिच के बारे में अभी कुछ कहना कठिन है । जब मैच शुरू होगा हम तब इसके बारे में पता करेंगे ।



मैंने जो देखा है उसमें यह पिच अच्छी दिख रही है। उन्होंने कहा कि पिच से हालांकि स्पिनरों को टर्न मिलेगा हालांकि ये कितनी जल्दी और कितनी तेजी से मिलता है इस बारे में मैं अभी कुछ नहीं कह सकता हूं। खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा निश्चित रूप से गेंद को अधिक टर्न मिलेगी । भारतीय खिलाड़ियों ने इस मैच के लिए यहां नेट अभ्यास सत्र में भाग लिया । टीम के लिए यह वैकल्पिक सत्र था पर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को छोड़कर सभी खिलाड़ियों ने 2 घंटे से अधिक समय तक इस सत्र में भाग लिया । वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने भी माना कि उनकी टीम ने भी पिच के बारे में चर्चा की है । उन्होंने कहा कि हमने पिच पर चर्चा की है । हम इसे लेकर ज्यादा परेशान नहीं है । हमारी टीम में इतना आत्मविश्वास है कि हम कुछ खास कर सकते हैं । हमारे पास स्पिनर है, हमारे पास तेज गेंदबाज हैं, हमारे पास अच्छे बल्लेबाज हैं और हाल के दिनों में हमारा प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है । उन्होंने माना कि यह काफी कठिन होगा क्योंकि हम ऐसी पिचों पर खेलने के आदी नहीं है पर हमें इसका तरीका ढूंढना होगा । वुड ने कहा कि हम अपने को इन पिचों के अनुसार ढालेंगे । वहीं हैदराबाद क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा कि हमारे पास पिच तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है ।

## यशस्वी इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में अपनी जगह पक्की कर सकते हैं : गावस्कर



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के अनुसार युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के पास इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की करने का अवसर है । गावस्कर ने कहा कि यशस्वी दक्षिण अफ्रीका के कड़े और उछाले भरे विकेटों की तुलना में भारतीय पिचों पर अधिक सहज होकर खेल पायेगा ।

गावस्कर ने कहा कि घरेलू पिचें अलग होंगी। अतिरिक्त उछाल के कारण दक्षिण अफ्रीका की पिचों पर खेलना मुश्किल था इसलिए ये बल्लेबाज वहां उम्मीद के अनसार प्रदर्शन नहीं कर पाया । यहां तक कि अनुभवी बल्लेबाज भी वहां संघर्ष करते दिखे थे । उसने सेंचुरियन के अलावा वेस्टइंडीज में जिस प्रकार से प्रदर्शन किया था उसे देखते हुए ये पक्का है कि वह भारतीय पिचों पर खेलते हुए टीम में अपनी जगह पक्की कर लेगा । गावस्कर ने कहा कि आपको शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाज की जरूरत होती है । इसलिए मेरा मानना है कि वह इस सीरीज में अपनी जगह पक्की कर लेगा ।

# वेस्टइंडीज से भिड़ने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने टी20 टीम की घोषणा की, इस खिलाड़ी को मिली कप्तानी

टोक्यो (एजेंसी)। नई दिल्ली -क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को आगामी तीन मैचों की श्रृंखला में वेस्टइंडीज के खिलाफ 14 सदस्यीय टी20आई टीम की घोषणा की, जो 9 फरवरी से शुरू होगी। बल्लेबाजी ऑलराउंडर मिशेल मार्श को कप्तान बनाया गया है जबकि ग्लेन मैक्सवेल की वापसी हुई है।

टेस्ट और वनडे फॉर्मेट से संन्यास ले चुके डेविड वॉर्नर को टी20 टीम में शामिल किया गया है। वॉर्नर के अलावा टिम डेविड और मार्कस स्टोइनिस को भी टीम में रखा गया है। फरवरी के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20आई श्रृंखला से पहले अपने कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और स्टीव स्मिथ को आराम दिया गया है।

2022 में आरोन फिंच के टी20आई से संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने अभी तक 20 ओवर के प्रारूप में अपने स्थायी कप्तान की पुष्टि नहीं की है। दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 की जीत के दौरान मार्श ने ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व किया। हालांकि विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने भारत दौरे के दौरान टीम की कमान संभाली।



तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी 50 ओवर की श्रृंखला से आराम देने के बाद कैरेबियाई टीम का सामना करने के लिए टी20 टीम में शामिल किया गया है। चूंकि हेजलवुड इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 की नीलामी के दौरान अनसोल्ड रहे, इसलिए वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला 33 वर्षीय खिलाड़ी के लिए विश्व कप से पहले 20 ओवर के प्रारूप में खेलने का आखिरी मौका होगा।

ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच पहला टी20 मैच 9 फरवरी को होबार्ट में खेला जाएगा। दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 11 और 13 फरवरी को एडिलेड और पर्थ में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम = मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेसन बेहरनडॉर्फ, टिम डेविड, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

## भारत पहुंचे पीटरसन बोले , जय श्री राम

हैदराबाद । इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन भारतीय टीम के साथ सीरीज में कमेंट्री के लिए भारत आये हैं । पीटरसन ने भारत पहुंचते ही जय श्रीराम कहकर अभिवादन किया । भारत-इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरु होगा । इससे पहले केविन पीटरसन ने हैदराबाद की पिच पर सवाल उठाए थे, जिसमें भारत-इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच होना है पर अब उनका रवैया बदला हुआ नजर आ रहा है। पीटरसन इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटरों में शामिल रहे हैं। भारत के खिलाफ भी इस बल्लेबाज का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। पीटरसन भारत आने से पहले दक्षिण अफ्रीका में अफ्रीका टी20 लीग में शामिल थे । इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि अब भारत जाने का वक्त है, जहां गुरुवार से बड़ी टेस्ट सीरीज होने वाली है। पीटरसन ने इस पोस्ट के तकरीबन 4 घंटे बाद एक और पोस्ट में हिंदी में , 'जय श्री राम लिखा ।' पीटरसन वैसे तो पहले भी हिंदी में कई ट्वीट कर चुके हैं हालांकि, कई यूजर उनके जय श्री राम वाले ट्वीट को अयोध्या के राम मंदिर से जोड़कर देख रहे हैं । कई यूजर्स ने पीटरसन के जवाब में अयोध्या में विराजमान भगवान राम की तस्वीर साझा कर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं ।



# इंग्लैंड के खिलाफ आक्रमक रणनीति से मिलेंगे काफी विकेट



हैदराबाद (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाना लाभप्रद रहेगा। बुमराह के अनुसार इससे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में उन्हें काफी विकेट मिल सकते हैं। कप्तान बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की बैजबॉल (आक्रामक) होकर खेलने की रणनीति की भी इस सीरीज में कड़ी परीक्षा होगी।

बुमराह ने कहा, 'मैं बैजबॉल शब्द से जुड़ा हुआ नहीं हूं पर वे सफल क्रिकेट खेल रहे हैं और आक्रामक रुख अपनाकर विरोधी का सामना कर रहे हैं जिससे दुनिया को पता चल रहा है कि टेस्ट क्रिकेट खेलने का एक और तरीका भी है। जुलाई 2022 में बुमराह को रोहित शर्मा के कोविड-19 के कारण बाहर होने के बाद बर्मिंघम में भारत की कप्तानी मिली थी। इसी मैच में उनको इंग्लैंड की इसी आक्रामक रणनीति को देखने का अवसर मिला। इस मैच को इंग्लैंड ने आक्रामक रवैया अपनाकर सात विकेट से जीता था।

बुमराह ने कहा, 'एक गेंदबाज के रूप में मुझे लगता है कि आक्रामक रणनीति मुझे खेल में बनाए रखेगी। अगर वे ऐसा करने जा रहे हैं, इतनी तेजी से खेल रहे हैं तो वे मुझे थकाएंगे नहीं, मुझे काफी सारे विकेट मिल सकते हैं। मैं हमेशा इस बारे में सोचता हूं मैं कैसे चीजों का इस्तेमाल अपने लाभ के लिए कर सकता हूं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस से प्रेरणा लेते हुए बुमराह अवसर मिलने पर भविष्य में कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं।

## इतिहास रचने के बाद रोहन बोपन्ना का बयान, कहा- नंबर एक रैंकिंग भारतीय टेनिस की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगी



नई दिल्ली । रोहन बोपन्ना को लगता है कि करियर के अंतिम पड़ाव में उनका युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना भारतीय टेनिस के लिए इस समय प्रेरणादायी रहेगा क्योंकि इस समय वह खराब दौर से जूझता दिख रहा है । बोपन्ना ( 43 वर्ष) बुधवार को ऑस्ट्रेलयाई खिलाड़ी मैथ्यू इबडेन के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पुरुष युगल की नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी बन जायेंगे । करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग से टूर्नामेंट में प्रवेश करने वाले बोपन्ना और इबडेन ने यहां एक घंटे 46 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की छठी वरीय जोड़ी पर 6-4, 7-6 की आसान जीत दर्ज की । बोपन्ना टूर्नामेंट के समाप्त होने के बाद सोमवार को युगल विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जायेंगे । बोपन्ना ने मेलबर्न से पीटीआई से इंटरव्यू में कहा, ''यह उपलब्धि सिर्फ मेरे लिए ही नहीं बल्कि भारतीय टेनिस के लिए भी काफी अहमियत रखती है । अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए आपको किसी चीज की जरूरत होती है । सुमित नागल का भी आस्ट्रेलियाई ओपन शानदार रहा । उसने एक दौर का मैच जीता । '' उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि इतनी सारी कुर्बानियों के बाद मिली है । उन्होंने कहा, ''पुरुष युगल में नंबर एक रैंकिंग पर बहुत गर्व है । यह काफी विशेष क्षण है । पर इसके लिए काफी कुर्बानी दी हैं । मेरे कोच और परिवार सभी ने । मेरा परिवार मेरे साथ ही यात्रा कर रहा है इसलिये यह बिलकुल अलग अहसास है ।'' बल्कि वह इस बात से ज्यादा खुश हैं कि पिछले हफ्ते भारतीय टेनिस सुर्खियों में रहा । बोपन्ना ने कहा, ''भारतीय टेनिस में कुछ भी नहीं हो रहा था । आपके पास भी कुछ लिखने को नहीं था इसलिये यह सब बिलकुल सही समय पर हुआ । '' इससे पहले अमेरिका के राजीव राम अक्टूबर 2022 में विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे । उनकी उम्र 38 थी और करियर में पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे । वहीं इबडेन विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच जायेंगे ।

# पुजारा-रहाणे की अनदेखी पर रोहित शर्मा का बयान, कहा- 'युवाओं को ज्यादा मौके देने होंगे'

हैदराबाद (एजेंसी)। बुधवार को भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने संकेत दिया कि चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे दिग्गजों का टेस्ट कैरियर लगभग खत्म माना जा सकता है। क्योंकि फोकस युवाओं को अधिक मौके देने पर है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट में विराट कोहली के बाहर रहने के फैसले के बाद संभावना जताई जा रही थी कि पुजारा या रहाणे को मौका दिया जायेगा लेकिन अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति पीछे मुड़कर देखने के मूड में नहीं है।

कोहली की जगह रजत पाटीदार को मौका दिया गया। रोहित ने पहले टेस्ट से पूर्व इस फैसले के बारे में कहा ,'' हमने सीनियर खिलाड़ियों को लाने के बारे में सोचा लेकिन फिर युवा खिलाड़ियों को मौके कब मिलेंगे। हमने इस बारे में भी सोचा।'' उन्होंने हालांकि कहा कि सीनियर खिलाड़ियों को बाहर रखने का फैसला आसान नहीं था। रहाणे ने आखिरी बार भारत के लिये 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला था जबकि पुजारा को आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के बाद बाहर किया गया।

रोहित ने कहा कि, सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने का फैसला आसान नहीं होता। उन्होंने इतने रन बनाये हैं, इतने मैच जिताये हैं और उनके पास इतना अनुभव है कि उसे अनदेखा करना मुश्किल होता है।'' उन्होंने कहा ,'' लेकिन कई बार आपको नये खिलाड़ियों को मौका देना होता है। उन्हें अनुकूल हालात में मौका देने के बाद ही विदेशी सरजमीं पर उतारा जाना चाहिये। मुझे लगता है कि युवाओं को मौके देना महत्वपूर्ण है।'' पाटीदार ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अहमदाबाद में अनधिकृत टेस्ट में भारत ए के लिये 151 रन बनाये और दो दिवसीय अभ्यास मैच में 111 रन की पारी खेली। घरेलू क्रिकेट में भी उन्होंने काफी रन बनाये हैं।

रोहित ने यह भी कहा कि, किसी के लिये दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। फिट रहने और रन बनाने पर किसी को भी मौका मिल सकता है।'' निश्चित तौर पर टीम प्रबंधन के जेहन में अनुभवी खिलाड़ियों की उम्र भी होगी। रोहित (36), कोहली (35) , आर अश्विन (37) और रविंद्र जडेजा (35) कैरियर के आखिरी पड़ाव पर हैं।






# आर्टिकल 370 में खुफिया अधिकारी की भूमिका में हैं यामी गौतम

**अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म आर्टिकल 370 को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में यामी एक खुफिया अधिकारी की भूमिका में हैं, जो घाटी से धारा 370 के विशेष विशेष दर्जा हटाने की कहानी पर आधारित है। शनिवार को मेकर्स ने फिल्म का टीजर रिलीज किया, जिसमें यामी घाटी में पनपे आतंकवाद को खत्म करने की कोशिश कर रही हैं।**

शुक्रवार को मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर रिलीज किया, जिसके बाद से ही इस फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। टीजर में यामी एक तेज तर्रार ऑफिसर की भूमिका में नजर आ रही हैं, जो टीजर की शुरुआत में कहती है कि कश्मीर में आतंकवाद एक धंधा है, जो आजादी की मांग करने वाले लोगों के लिए भ्रष्ट राजनेताओं द्वारा चलाया जा रहा है। ये भ्रष्ट अधिकारी और राजनेता अपनी जेब गरम करने में लगे हुए हैं। इसके बाद टीजर में जम्मू-कश्मीर को दिया गया विशेष दर्जा वापस लेने का एलान होता है और इसे केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया जाता है। यह फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का टीजर जियो स्टूडियोज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया। आर्टिकल 370 का निर्देशन आदित्य सुहास जंभाले ने किया है। आदित्य ने इससे पहले 2019 की ब्लॉकबस्टर फिल्म उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक का निर्देशन किया था। बदलापुर, उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक, बाला, ए थर्सडे और चोर निकल के भागा जैसी फिल्मों में दमदार भूमिका निभाने वाली यामी को फैंस खुफिया एजेंट की भूमिका देखने के लिए उत्सुक हैं।



# आज के समाज में रावण ही ज्यादा मिलेंगे, राम नहीं

**जोधा अकबर के शरीफुद्दीन हुसैन से लेकर चेन्नै एक्सप्रेस के आइकॉनिक थंगबली तक, एक्टर निकितिन धीर ने पर्दे पर कई नेगेटिव किरदारों को यादगार बनाया है। अब वह छोटे पर्दे पर धारावाहिक श्रीमद् रामायण में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इसी सिलसिले में हमने निकितिन से उनके करियर, एंटी हीरो के चलन, किरदारों के चयन आदि पर की खास बातचीत**

रावण से पहले भी आपने कई नेगेटिव किरदार निभाए हैं। **बार-बार नकारात्मक किरदार चुनने की क्या वजह है? क्या आपको लगता है कि आप ऐसे किरदारों में बंध गए हैं?**

नहीं, हम ऐक्टर हैं, हमारे लिए ये सब अलग किरदार हैं। अभी तो आप देखिए, जैसी फिल्में बन रही हैं, हमारे हीरोज भी नेगेटिव रोल कर रहे हैं। हमारा समाज ही ऐसा हो गया है जहां अब आपको राम जैसा कोई दिखना बहुत मुश्किल हो गया है। यह रावण ज्यादा मिलेंगे। आप केजीएफ 2 देख लीजिए, वो रावण है। ये बात उसने खुद कही है। पुष्पा देखिए, वो नेगेटिव ही है, लेकिन लोग उसे फॉलो कर रहे हैं। एनिमल देखिए, ये हमारे समय का अक्स है, इसी को तो कलयुग कहते हैं।

**सिनेमा में जो ये एंटी हीरो का चलन चल पड़ा है, इसकी आलोचना भी हो रही है। आपकी इसे लेकर क्या राय है?**

ये हमेशा से रहा है। आप देखेंगी तो अमिताभ बच्चन सर का करियर ही एंटी हीरो पर आधारित था। वह और सलीम-जावेद इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में एंटी हीरोज के जन्मदाता थे। एक ऐसा नायक, जो गाना नहीं गाता, डांस नहीं करता, जिसकी जिंदगी में कोई लड़की नहीं होती लेकिन बहुत सारे लोगों ने उनसे रिलेट किया। इसी तरह से हमारी जो रामायण हैं, उसमें राम भी हैं, रावण भी है। दोनों किरदार कहीं न कहीं समान हैं लेकिन एक परिस्थिति में दो लोग बहुत अलग तरह से रिएक्ट करते हैं, उसी से एक राम बन जाता है और एक रावण।

**आपके पापा पंकज धीर ने महाभारत में कर्ण की यादगार भूमिका निभाई थी। अब आप रामायण में रावण बने हैं। इसके लिए उनसे कोई सलाह ली?**

नहीं, मैंने हमेशा अपने करियर के फैसले खुद लिए हैं। मेरे पापा की यह खासियत रही है कि उन्होंने हमेशा मुझे ये आजादी दी है कि मैं जो चाहूं कर सकूं, जैसे चाहूं रह सकूं। उनका ये अप्रोच रहा है कि अपनी गलतियां करो, उससे सीखो, अपनी जर्नी खुद तय करो। हालांकि, जब भी मुझे जरूरत महसूस होती है तो मैं उनसे सलाह लेता हूं, वरना वो हमेशा यही कहते हैं कि तू सही ट्रैक पर है। जो तू कर रहा है, करता जा।

**रोहित शेट्टी के साथ आपने चेन्नै एक्सप्रेस, सूर्यवंशी, सर्कस जैसी कई फिल्में की हैं। उनके साथ आपका रिश्ता कैसे मजबूत हुआ है?**

वह मेरे बड़े भाई हैं, मेरे गुरु भी हैं। मैंने उनको गुरु की पदवी दी है। यह शो शुरू होने से पहले मैंने सिर्फ उन्हीं को एक मेसेज किया कि भाई मैं ये शो शुरू कर रहा हूं। उन्होंने बहुत आशीर्वाद दिया। मैं उनको दिल से गुरु मानता हूं। उनसे मेरा एक अलग ही रिश्ता है। जब तक मैं इस इंडस्ट्री में हूं, वो रिश्ता तो रहेगा।

# अदृश्यम सीरीज में नजर आएंगी दिव्यांका त्रिपाठी

दिव्यांका त्रिपाठी अप्लॉज एंटरटेनमेंट की सीरीज अदृश्यम में नजर आएंगी। इस सीरीज के निर्माताओं ने हाल ही में प्रोमो वीडियो जारी किया है, जिसमे दिव्यांका त्रिपाठी एक्शन अवतार में नजर आ रही हैं।
दिव्यांका त्रिपाठी छोटे पर्दे का जाना माना नाम हैं। अभिनेत्री ने च्ये है मोहब्बतेंच में इशिता भल्ला के किरदार से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। च्कोल्ड लस्सी और चिकन मसालाच के बाद दिव्यांका त्रिपाठी अप्लॉज एंटरटेनमेंट की सीरीज च्अदृश्यमच में नजर आएंगी। इस सीरीज के निर्माताओं ने हाल ही में प्रोमो वीडियो जारी किया है, जिसमे दिव्यांका त्रिपाठी एक्शन अवतार में नजर आ रही हैं। प्रोमो वीडियो की शुरुआत एक मॉल से शुरू होती है, जिसमें दिव्यांका अपनी बेटी के साथ शॉपिंग करती नजर आ रही हैं। वीडियो में बाल कलाकार जारा को देखा जा सकता है। प्रोमो में दिव्यांका एक्शन अवतार में नजर आ रही हैं। निर्माताओं ने सोनी लिव के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से प्रोमो वीडियो फैंस के साथ साझा किया है। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, च्हमेशा हमारे आस-पास, लेकिन कभी देखा नहीं, हमारे राष्ट्र के इन गुमनाम रक्षकों से मिलने के लिए तैयार हो जाइए अदृश्यम- द इनविजिबल हीरोच के साथ। जल्द ही सोनी लाइव पर स्ट्रीमिंग होगी।



# दीपिका पादुकोण के हाथ लगा हॉलीवुड प्रोजेक्ट!

**बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि उनके हाथ एक हॉलीवुड प्रोजेक्ट लगा है। वो भी एक वेब सीरीज।**

अगर रिपोर्ट्स सही हैं तो एक्ट्रेस को जल्द ही फेमस टीवी सीरीज द व्हाइट हाउस के तीसरे सीजन में देखा जा सकता है। इसमें वो जेनिफर कूलिज, थियो जेम्स और ऑब्रे प्लाजा जैसे जाने-माने स्टार्स संग स्क्रीन शेयर करती हुई नजर आ सकती हैं। दरअसल, दीपिका पादुकोण की सास अंजू भवनानी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लाइक किया था, जिसके बाद इस तरह के कयास लगने शुरू हुए कि वो द व्हाइट लोटस 3 में हिस्सा लेंगी। द व्हाइट लोटस एक एमी-विनिंग सीरीज है। इसके पिछले सीजन में थियो जेम्स, जेनिफर कूलिज और ऑब्रे प्लाजा जैसे सितारे शामिल थे।





# सलमान खान ने इजिप्शियन अभिनेत्री एस्साद यूनिस को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा

सुपरस्टार सलमान खान बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा स्टार में से एक हैं। उन्होंने इंडस्ट्री को कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं, इतना ही नहीं उनकी कुल 17 फिल्में 100 करोड़ के क्लब में शामिल होकर एक स्टैंडर्ड सेट किया है। वहीं, सलमान खान की टाइगर 3 ने दुनिया भर में 2023 में 500 करोड़ का बिजनेस किया और सबसे बड़ी हिट फिल्म बनकर सामने आई। हाल ही में खबर आई है कि सलमान खान रियाद, सऊदी अरब में होने वाले जाय अवॉर्ड्स में शामिल होने वाले हैं। दरअसल, सलमान खान को खुद तुर्की अल अल शेख ने खास मेहमान के तौर पर बुलाया है। बता दें कि यह पहली बार नहीं बल्कि दूसरा मौका है जब सलमान खान शिरकत करेंगे। साल 2022 में उन्हें पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर के अवॉर्ड से नवाजा गया था। इस खास मौके पर सुपरस्टार ने इजिप्शियन एक्ट्रेस एस्साद यूनिस को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा। बता दें कि एक्ट्रेस प्रोड्यूसर, राइटर होने के साथ ही एक टीवी पर्सनैलिटी भी हैं।

# थ्रिलर ड्रामा ग्यारह ग्यारह और फॉर योर आइज ओनली में नजर आएंगी कृतिका कामरा

अभिनेत्री कृतिका कामरा अपनी आगामी थ्रिलर ड्रामा ग्यारह ग्यारह और फॉर योर आइज ओनली को लेकर पूरी तरह? से तैयार हैं। इसको लेकर उन्?होंने कहा कि यह उनके लिए एक बड़ा अनुभव है।पिछले साल अभिनेत्री ने बंबई मेरी जान में एक महिला गैंगस्टर की भूमिका निभाकर अपने प्रशंसकों को खुश कर दिया था। अब, वह एक बार फिर सीमाएं लांघने के लिए तैयार हैं।कृतिका ने कहा, मुझे उन परियोजनाओं को चुनने में अत्यधिक संतुष्टि मिलती है जो उम्मीद से अलग होती हैं, ऐसे प्रोजेक्ट जो मुझे लोगों की अपेक्षाओं के दायरे से कहीं आगे ले जाते हैं। इस वर्ष मैं जिन परियोजनाओं पर काम कर रही हूं, विशेष रूप से थ्रिलर, वे मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखती हैं। अभिनेत्री ने कहा, मैं जिन थ्रिलर्स का हिस्सा बनने जा रही हूं, वे केवल स्क्रिप्ट नहीं हैं। वे गहन अनुभव हैं जो मुझे चरित्र, भावना और रहस्य की बारीकियों का पता लगाने की चुनौती देते हैं।अभिनेत्री ने आगे बताया कि उनके करियर का यह आगामी अध्याय केवल प्रदर्शन देने के बारे में नहीं है।उन्होंने कहा, यह कहानी कहने की परिवर्तनकारी शक्ति में खुद को डुबोने के बारे में है। यह सीमाओं को आगे बढ़ाने, अपेक्षाओं को धता बताने और मेरी कला के उन आयामों को उजागर करने के बारे में है जिन्हें शायद मैं भी अभी तक पूरी तरह से उजागर नहीं कर पाई हूं। सिख्या एंटरटेनमेंट और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा ग्यारह ग्यारह और इसके साथ ही फॉर योर आइज़ ओनली समीक्षकों द्वारा प्रशंसित स्कैम 92 के निर्माताओं की ओर से है।





# पहली बार आर.माधवन के साथ नजर आएंगे अजय देवगन

अजय देवगन की फिल्म शैतान का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए एक बड़ी अपडेट सामने आई है। फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा हो गया है। अजय देवगन ये फिल्म मार्च में लेकर आ रहे हैं। अभिनेता अजय देवगन की आगामी फिल्म शैतान की रिलीज डेट का खुलासा हो गया है। अजय ने आज सोशल मीडिया पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ रिलीज डेट भी बताई है। ये फिल्म आठ मार्च 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अजय देवगन के अलावा फिल्म में आर. माधवन और ज्योतिका भी अहम भूमिका में हैं।

**विकास बहल करेंगे निर्देशन**

यह एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म बताई जा रही है। फिल्म शैतान को दरअसल वश नाम की गुजराती फिल्म का हिंदी रीमेक बताया जा रहा है। अजय देवगन और माधवन की यह फिल्म शैतान नाम से सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी विकास बहल ने संभाली है। अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट साझा किया है। इसके साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। उन्होंने लिखा है, आपकी लिए शैतान आ रही है। आठ मार्च 2024 को ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में अजय देवगन और आर. माधवन पहली बार साथ में स्क्रीन साझा करते दिखेंगे। अभिनेता अजय देवगन बीते वर्ष फिल्म भोला में नजर आए थे। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेअसर साबित हुई। फिलहाल इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। शैतान के अलावा अजय सिंघम अगेन, रेड 2 और मैदान जैसी फिल्मों में नजर आएंगे। अजय देवगन की शैतान का फर्स्ट लुक पोस्टर देख यूजर्स जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, अब अजय देवगन डराएंगे। एक अन्य यूजर ने पूछा, ये डरावनी फिल्म है?



propre
Luxury Real Estate



How much your property's worth

Latest insights and data on the property market

Monitor your property value anytime, anywhere

Ever wondered what your property's worth? Get market leading insights and data by tracking it

www.propreluxuryrealestate.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in